Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 221 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दूसरों के हित के लिए अपने सुख का त्याग करना ही सच्ची सेवा है।
It is th true service to deny our own comfort for others.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य के 8 सीनियर अफसरों को किया गया आईपीएस बैच अलॉट

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ पुलिस सेवा के 9 सीनियर अफ्सरों को भारतीय पुलिस सेवा का बैच अलॉट कर दिया गया है, जिसमें अफ्सरों को सीनियोरिटी के आधार पर 2014 से 2016 बैच आवंटित किया गया है. इस संबंध में भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया है. आदेश के मुताबिक, प्रफुल्ल ठाकुर को 2015 बैच, विजय कुमार पांडे को 2016 बैच, जबकि उमेश चौधरी, मनोज कुमार खिलारी, रवि कुमार कुर्रे, चैनदास टंडन, सुरजन राम भगत, दर्शन सिंह मरावी और झाडूराम ठाकुर को 2014 बैच का आईपीएस अलॉट किया गया है.

### कांग्रेस नेता कुलदीप जुनेजा को पीसीसी ने थमाया नोटिस

**रायपुर (विसं)।** उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा को पीसीसी की ओर से आज कारण बताओ नोटिस जारी हो गया है। प्रभारी महामंत्री संगठन मलकीत सिंह गैदू के हवाले से जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रदेश संगठन के किसी निर्णयों के विषय में अपनी बात पार्टी फोरम में रखने के बजाय मीडिया में अनर्गल बयानबाजी का मामला संज्ञान में आया है। इसे अनुशासनहीनता के दायरे में मानते हुए कुलदीप जुनेजा से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2025 : द्वितीय चरण का मतदान

# राज्य के 43 विकासखण्डों में आज वोटिंग

### सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली गई है : राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह

**प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान तथा बस्तर संभाग में प्रातः 6.45 से दोपहर 2 बजे तक होगा मतदान**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 तीन चरणों में संपन्न हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु तारीखों की घोषणा की गई थी। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने बताया कि निर्वाचन हेतु सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली गई है। उन्होनें बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन हेतु जारी कार्यक्रम अनुसार 27 जनवरी को त्रिस्तरीय पंचायत हेतु निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर 03 फरवरी 2025 दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थिता से नाम वापस 06 फरवरी 2025 दिन गुरूवार को 3 बजे तक ली गई तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना तथा निर्वाचन प्रतीकों के आबंटन के लिए 06 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई थी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि मतदान दिवस के दिन ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की जायेगी। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच एवं जनपद पंचायत के मामलों में खण्ड स्तर पर प्रथम चरण हेतु 19 जनवरी को की जा चुकी है। द्वितीय चरण हेतु 22 फरवरी को एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को प्रातः 9 बजे से की जायेगी। इसी प्रकार जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण हेतु 20 फरवरी, द्वितीय चरण हेतु 23 फरवरी एवं तृतीय चरण हेतु 25 फरवरी को की जायेगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण में 20 फरवरी को राज्य के 43 विकासखण्डों में मतदान होगा।

कल 20 फरवरी को द्वितीय चरण तथा 23 फरवरी को तृतीय एवं अंतिम चरण का मतदान होगा। पूरे राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11 हजार 671 एवं वार्ड (पंच) के 1 लाख 60 हजार 161 सहित कुल 1 लाख 75 हजार 258 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न हो रहा है। जिसमें 78 लाख 20 हजार 202 पुरूष मतदाता, 79 लाख 92 हजार 184 महिला मतदाता एवं 194 अन्य मतदाता सहित कुल 1 करोड़ 58 लाख 12 हजार 580 मतदाता त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 में शामिल है।

जिन विकासखण्डों के द्वितीय चरण में मतदान होना है- उसमें जिला बिलासपुर के विकासखण्ड बिल्हा, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के विकासखण्ड पेण्ड्रा, जिला मुंगेली के विकासखण्ड लोरमी, जिला जांजगीर-चांपा के विकासखण्ड नवागढ़, जिला सक्ती के विकासखण्ड मालखरौदा, जिला कोरबा के विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा, जिला रायगढ़ के विकासखण्ड खरसिया एवं धरमजयगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखण्ड बिलाईगढ़, जिला सूरजपुर के विकासखण्ड रामानुजनगर एवं प्रेमनगर, जिला बलरामपुर के विकासखण्ड बलरामपुर, जिला सरगुजा के विकासखण्ड सीतापुर एवं मैनपाट, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, जिला जशपुर के विकासखण्ड जशपुर एवं मनोरा, दुलदुला तथा कुनकुरी शामिल है। इसी तरह जिला रायपुर के विकासखण्ड धरसींवा एवं तिल्दानेवरा, जिला बलौदाबाजार के विकासखण्ड कसडोल, जिला गरियाबंद के विकासखण्ड छुरा, जिला महासमुन्द के विकासखण्ड पिथौरा एवं बागबहरा आदि शामिल हैं।

# रेखा गुप्ता बनेंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

**प्रवेश वर्मा होंगे डिप्टी सीएम**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली के लिए नए मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो गया है। बुधवार की शाम को भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली में विधायक दल का नेता चुन लिया है।

बता दें कि भाजपा ने सीएम के नाम का फैसला करने के लिए रविशंकर प्रसाद और ओपी धनखड़ के रूप में दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया था। इसके बाद शाम को रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की गई और इसके साथ ही उनका नाम दिल्ली की अगली सीएम के रूप में तय हो गया। वहीं प्रवेश वर्मा को दिल्ली का डिप्टी सीएम बनाया गया है।

मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार 20 फरवरी को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गए निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी दलित, पूर्वांचल और जाट का कॉम्बिनेशन बना सकती है। दो डिप्टी सीएम हो सकते हैं। कार्यक्रम में 30 हजार मेहमानों के शामिल होने की उम्मीद है।

**कौन हैं रेखा गुप्ता? :** रेखा गुप्ता वर्तमान में केंद्रशासित प्रदेश दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वह भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

# भारत पर पीएम मोदी के विचारों को सुनना एक रोमांचक अनुभव : सुनक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना 'दोस्त' बताते हुए ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि भारत के लिए प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को सुनना 'हमेशा रोमांचक' होता है। ऋषि सुनक और उनके परिवार ने मंगलवार शाम को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और कई विषयों पर विस्तृत बातचीत की।

पीएम मोदी ने कहा कि सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई! हमने कई विषयों पर शानदार बातचीत की। सुनक भारत के बहुत अच्छे दोस्त हैं और भारत-ब्रिटेन संबंधों को और भी मजबूत बनाने के लिए उत्सुक हैं। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट के जवाब में लिखा, अपने मित्र नरेंद्र मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। मेरे परिवार का भी इतने गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद!

# केंद्र सरकार आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी : अमित शाह



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा है कि मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए चट्टान की तरह खड़ी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक समिति ने 2024 के दौरान अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के तहत 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कुल 1554.99 करोड़ रुपये में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी सरकार आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए चट्टान की तरह खड़ी है। आज गृह मंत्रालय ने एनडीआरएफ के तहत आंध्र प्रदेश, नागालैंड, ओडिशा, तेलंगाना और त्रिपुरा को 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। यह एनडीआर फंड के तहत केंद्र की ओर से 27 राज्यों को जारी की गई 18, 322.80 करोड़ रुपये की राशि के अतिरिक्त है।

# महाकुंभ-संगम पर कम भीड़, 49 लाख ने डुबकी लगाई



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ में सोमवार-मंगलवार की तुलना में आज भीड़ कम है। संगम नोज पर भी ऐसी ही स्थिति है। प्रयागराज शहर में प्रवेश के लिए बनाए गए 7 एंट्री पॉइंट्स पर लंबा जाम नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज महाकुंभ आएंगी। वे संगम में स्नान और गंगा पूजन कर सकती हैं।


बुधवार सुबह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी ने संगम में डुबकी लगाई। सुबह 10 बजे तक 49.02 लाख श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ खत्म होने में अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं। 38 दिनों में कुल 55.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। प्रयागराज के डीएम रविंद्र मंदार ने कहा- अफवाहों पर ध्यान न दें। 26 फरवरी को ही महाकुंभ का समापन होगा।

ज्योतिर्मठ पीठ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में कहा कि महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है, दोबारा ऐसा मौका नहीं मिलेगा, यह सभी दावे झूठे थे। महाकुंभ में स्नान वाले पानी में गंदे नालों का पानी आ रहा है। उसमें मल-जल धारा आ रही है। वैज्ञानिक इसे स्नान के लिए योग्य नहीं मान रहे हैं। उसी में करोड़ों लोगों को स्नान के लिए विवश कर रहे हैं।

# रायपुर से प्रयागराज जा रही बस हादसे का शिकार, एक की मौत, 23 घायल

**रायपुर (विसं)।** रायपुर से प्रयागराज जा रही एक यात्री बस वेंकटनगर और खैरझिठी गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस पहले से खराब खड़े कोयले से भरे ट्रेलर वाहन से टकरा गई। जिससे बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 23 अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आज सुबह छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश सीमा पर जीरो बॉर्डर क्षेत्र पर एक बड़ा हादसा हुआ। कोयल से भरे खाड़े ट्रेलर के पीछे यात्रियों से भरी बस जाकर भिड़ गई। हादसे में बस कंडक्टर की मौके पर मौत हो गई और बस में सवार 23 यात्रियों को चोटें आई हैं। जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के अधिकारी और पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कराया।

# नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की हार के कारणों का टीएस सिंहदेव ने किया खुलासा



**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में हुए नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। इस हार को लेकर राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की पराजय के पीछे कई अहम कारण हैं, जिनमें एंटी-इनकंबेंसी, परिसीमन और वोटर लिस्ट की खामियां प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और संसाधनों का भरपूर उपयोग किया।

बिलासपुर के कार्यकर्ताओं से मिली जानकारी का हवाला देते हुए सिंहदेव ने कहा कि भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के खातों में एक-एक लाख रुपये जमा करवाए। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पहले कभी नहीं सुना था कि पार्षद चुनाव में इतनी बड़ी धनराशि दी जाती है। बता दे कि इस चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, और सभी 10 नगर निगमों पर भाजपा ने कब्जा कर लिया। इस अप्रत्याशित पराजय से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असंतोष व्याप्त हो गया है। पार्टी के अंदर ही हार के कारणों को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है। कई कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने तो पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के इस्तीफे की मांग तक कर दी है।


# नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 40 से ज्यादा पार्षदों ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रयागराज महाकुंभ में रायपुर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 40 से ज्यादा पार्षदों ने आस्था की डुबकी लगाई. नई पारी की शुरुआत से पहले उन्होंने गंगा मैया से आशीर्वाद लिया. इस दौरान विधायक राजेश मूणत ने भी कुंभ स्नान किया और प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की। बता दें कि नगर निगम रायपुर में ऐतिहासिक जनादेश मिलने के बाद मंगलवार को चार बसों में करीब 150 लोग महाकुंभ के लिए रवाना हुए थे. जिसमें महापौर मीनल चौबे, विधायक राजेश मूणत और 40 से ज्यादा नवनिर्वाचित भाजपा पार्षद शामिल थे। महाकुंभ की यात्रा से लौटने के कुछ दिनों के बाद नगर निगम रायपुर में महापौर मीनल चौबे सहित 70 वार्डों के पार्षद शपथ लेंगे, जिसमें प्रदेश के बड़े नेता शामिल हो सकते हैं. शपथ ग्रहण समारोह के दिन सभापति का चुनाव होगा. बता दें कि रायपुर नगर निगम में 60 बीजेपी, 7 कांग्रेस, 3 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं।




# ज्ञानेश कुमार ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद संभाला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1988 बैच के IAS अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को देश के 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर (CEC) का पद संभाला। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले CEC हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। इससे पहले CEC पद पर रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हुए थे।

ज्ञानेश कुमार के 4 साल के कार्यकाल के दौरान 20 राज्य और 1 एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा।

ज्ञानेश कुमार के अलावा विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के IAS अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में 17 फरवरी को हुई बैठक में इन नियुक्तियों पर मुहर लगी थी। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए थे।

**सिंघवी ने कहा- सरकार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तक इंतजार करे :** कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि ष्टश्वष्ट चयन समिति सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। ष्टश्वष्ट के चयन के लिए गठित समिति से ष्टछ्वढ्ढ को हटाकर सरकार ने साफ कर दिया है कि वह चुनाव आयोग की विश्वसनीयता नहीं, बल्कि नियंत्रण चाहती है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाता सूची में हेरफेर का उठाया मुद्दा, भाजपा पर लगाए आरोप



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को विभिन्न राज्यों में चुनावों से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा मतदाता सूची में हेरफेर का मुद्दा उठाया।

एआईसीसी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि विभिन्न राज्यों के प्रभारी संगठन और संबंधित राज्यों में चुनावी प्रदर्शन के लिए जवाबदेह होंगे।

उन्होंने महासचिवों और प्रभारियों से कहा, मैं आपको जवाबदेही के बारे में एक बहुत महत्वपूर्ण बात बताना चाहूंगा। आप सभी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और भविष्य के चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे।

मतदाता सूची में हेरफेर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, यह चुनावों में बड़े पैमाने पर हो रहा था और राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लोकसभा में भी उठाया था। इस धांधली को हर कीमत पर रोकना होगा। उन्होंने बताया कि कैसे कांग्रेस समर्थकों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए या अंतिम समय में नाम हटाकर दूसरे मतदान केंद्र में जोड़ दिए गए। उन्होंने भाजपा पर चुनाव से ठीक पहले नए नाम जोड़ने का आरोप लगाया।

कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत के मुख्य न्यायाधीश को चुनाव आयुक्तों की चयन समिति से बाहर कर सरकार द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन प्रक्रिया में हेरफेर का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश को भी शामिल किया गया था, लेकिन मोदी सरकार ने उन्हें भी हटा दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। उन्होंने अमेरिका की यात्रा के दौरान देश के व्यापार और व्यावसायिक हितों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के व्यापार और व्यावसायिक हितों की रक्षा करने में विफल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने का विरोध नहीं किया। वे हम पर घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप स्वीकार कर रही है। यह स्पष्ट रूप से भारत और उसके लोगों का अपमान है। अमेरिका आर्थिक मामलों में भी हमें गहरा नुकसान पहुंचा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्रपति शिवाजी स्कूल में शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने उनके जीवन के विविध पहलुओं को नाटक के माध्यम से सामने रखा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्रपति शिवाजी स्कूल में आज शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने उनके जीवन के विविध पहलूओं को नाटक के माध्यम से सामने रखा। शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। पश्चात् कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने शिवाजी महाराज के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं और युद्धों के दृश्यों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। छात्रों आतिफ रंगरेजों, विप्र कुर्रे, दर्शन कश्यप, प्रज्ञान सोनी, खिलेश यदु ने उनके विचारों और राज कार्य में उनके गुणों का उल्लेख किया। शिक्षिकाओं नीना शर्मा, मीनाक्षी त्रिपाठी,स्वाति ठाकुर,पारुल पदमवार ने भी मराठा साम्राज्य और हिंदवी साम्राज्य के निर्माण में उनके योगदान और साहस को याद किया।

### प्रदेश व जिला इकाईयों द्वारा चेम्बर के बेनर एवं लोगो के उपयोग पर प्रतिबंध

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव वर्ष 2025 के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक प्रदेश व जिला के इकाईयों द्वारा जो भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है उसमें छत्तीसगढ़ घेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बेनर एवं %लोगो% का उपयोग करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द गोलछा ने बताया कि चेम्बर चुनाव प्रकिया प्रारंभ हो चुकी है एवं पूर्व में निर्वाचन समिति की बैठक में भी निर्णय लेकर समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी दी जा चुकी है।

### श्रीमती कमलादेवी खंडेलवाल का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अत्यंत दु:ख का विषय है कि देवेंद्र नगर के धर्मनिष्ठ खंडेलवाल परिवार की पूज्यनीय माता जी श्रीमती कमलादेवी खंडेलवाल ( धर्म पत्नी स्व, श्री रमेश जी खंडेलवाल) उम्र 79 वर्ष का आकस्मिक निधन 19 फरवरी 2025 को हो गया है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम दिनांक 20 फरवरी दिन गुरुवार को है। आप राजेश, ब्रजेश की माता थी एवं अजय, विजय, दिनेश, सींटू, अरुण की दादी थी।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : कलेक्टर ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने मतदान दलों को किया प्रोत्साहित

**जनपद पंचायत कसडोल निर्वाचन क्षेत्र में मतदान आज**

**सामग्री के साथ केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदान दल**

**जिला पंचायत सदस्य सहित 903 पंचायत प्रतिनिधि चुनने 179600 मतदाता करेंगे मतदान**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में गुरुवार 20 फ़रवरी 2025 को मतदान होगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बुधवार को मतदान सामग्री वितरण स्थल स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल पहुंचकर सामग्री वितरण क़ा जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतदान एवं मतगणना संपन्न कराने मतदान दलों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने मतदान दलों के लिए विश्राम एवं भोजन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वितरण केंद्र से मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं सामग्रियों का मिलान करने के उपरांत मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए वाहन से रवाना हुए।मतदान प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। मतदान के लिए लगभग 1200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में 179600 मतदाता जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच चुनने मतदान करेंगे। मतदाताओं में 89767पुरुष, 89832महिला एवं 1 अन्य शामिल हैं। पंच पद के 763, सरपंच के 111, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 पदों के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 1741, सरपंच के लिए431, जनपद सदस्य के लिए 123 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 29 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है।

संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षक नियुक्त - संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील 37 मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षण कार्य के लिए एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं जो आवंटित केंद्र में सुचारु रूप से मतगणना कार्य संपन्न कराएंगे। इसमें मतदान केंद्र साबर, छेछर, सर्वा, भदरा, झबड़ी, खैरा क, बलौदा, गिधोरी, खपरीडीह, खपराडीह, मोहतरा ह, हसुवा, कटगी, सेल, छाँछी, छरछेद, मड़वा, मटिया, बरेली, सुकली, गिररौद,दर्रा म, बैगनडबरी, पटपुरा, अर्जुनी ब, बल्दाकछार,राजादेवरी, बिलारी ज़, कुरमाझर, थरगांव, बार, मुरमडीह, बड़गांव, बया, चांदन, छतवन, रिकोकला शामिल हैं।

# सुहेला में आज रक्तदान शिविर का आयोजन




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर तथा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष दीपक सोनी के निर्देश पर रेडक्रॉस सोसाइटी बलौदा बाज़ार के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सुहेला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 फरवरी को किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से आरंभ होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि रक्तदान शिविर हेतु दान दाताओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिविर के आयोजन में रक्त संग्रहण हेतु रायपुर की रेडक्रॉस टीम आएगी। रक्तदान एक बड़ी समाज सेवा है क्योंकि इसके माध्यम से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है।18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है।

रक्तदान से प्राप्त रक्त से प्रसव, दुर्घटना, सर्जरी के साथ-साथ एनीमिया, सिकल सेल और हीमोफीलिया के मरीजों को भी मदद मिलती है जिन्हें समय-समय पर रक्त चढ़ाने की जरूरत होती है। जिला कलेक्टर ने इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक सहभागिता निभाकर लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

# चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को आगामी राज्य बजट से संबंधित सुझाव दिए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कल 18 फरवरी 2025 को चेंबर प्रतिनिधि मंडल द्वारा राज्य वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी को आगामी राज्य बजट से संबंधित सुझाव का ज्ञापन सौंपा गया जो निम्नानुसार है- प्रदेश के पारंपरिक बाजारों के जीर्णोद्धार हेतु उचित कदम उठाए जाए। प्रदेश के सभी जिलों में राजधानी स्थित डूमरतराई व बिलासपुर स्थित व्यापार विहार की तर्ज पर थोक बाजारों का निर्माण किया जाए। रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कोरिडोर का निर्माण त्वरित गति से पूर्ण किया जाए। नवीन, फुटकर बाजारों का निर्माण किया जाए। इज ऑफ़ डुईंग बिजनेस के तहत वन स्टेट वन लाइसेंस निति लागु हो। जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के निर्माण को त्वरित गति से पूर्ण किया जाए। ग्वालियर मेले के तर्ज पर प्रतिवर्ष ऑटो एक्सपो का आयोजन किया जाए। यूजर चार्ज से सम्बंधित विसंगतियों को दूर कर इसे युक्तियुक्त किया जाए। चेम्बर के प्रदेश कार्यालय के लिये राजधानी रायपुर में रियायती दर पर भूमि उपलब्ध की जाए।

# नगर निगम भिलाई के सभी सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय अधिक व्यवस्थित हो रहे हैं



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 03 क्षेत्र में शौचालयों का संधारण कार्य कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह सभी क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं। उनके साथ जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य अधिकारी, संधारणकर्ता एजेंसी और जोन के अभियंताओं का साथ रहना आवश्यक रहता है। वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर व स्टील नगर, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम, वार्ड 33 संतोषी पारा एवं वार्ड 37 सुभाषचंद्र बोस सब्जी मंडी का निरीक्षण किये एवं शौचालय संधारण की प्रगति, गुणवत्ता का जांच किये। संधारणकर्ता एजेंसी को निर्देशित किये की शौचालय संधारण कार्य जल्द ही पूर्ण करें। जिससे क्षेत्र के नागरिको को शौचालय उपयोग करने की सुविधा शीध्र ही दिया जा सके। इसी तारतम्य में मंगलवार को जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर क्षेत्र के सी-मार्ट के समीप बने सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। वहां की साफ-सफाई, बिजली, पानी व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए एजेंसी को निर्देशित किये। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किये की शौचालय के आंगन में गमला रखने एवं खेल सामग्री का संधारण कराकर बच्चो के खलने व झुलने हेतु व्यस्था बनाये। इसी प्रकार वार्ड क्रं. 50 सामुदायिक सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किये एवं शौचालय के बागल में स्थित शास्त्री नगर में बाबा बालकनाथ सरोवर को देखे और साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित किये। तालाब का पानी सूखने की स्थिति में है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./17936/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17936
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489CA** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANDEEP KUMAR PANDA & BIJAINI PANDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRATAP CHANDRA PANDA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18266/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 17-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18266
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I01488** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHRUTI DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VIRENDRA KUMAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RUCHI TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNA CHANDRA TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री आदित्य कुमार हालदार**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा **जनता कॉलोनी तिलक नगर, गुढ़ियारी,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन योजना** में से भवन / **भूखण्ड क्र. जनता-43, श्री एम.डी. मूर्ती पिता - स्व. श्री एम. सूर्यनारायण** को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी / नामांतरी द्वारा **दिनांक 21.10.1994** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 12.02.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्री मुकेश गुप्ता पिता श्री गौरी शंकर गुप्ता** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ **गृह निर्माण मण्डल** द्वारा **जनता कॉलोनी तिलक नगर, गुढ़ियारी,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी.** भवन योजना में से **भवन/भूखण्ड क्र. जनता-44, श्री राम मोहन मुक्काविली पिता श्री एम.डी. मुर्ती को भाड़ाक्रय** / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी / नामांतरी द्वारा **दिनांक 23.05.1994** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु **दिनांक 12.02.2025** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन **श्रीमती पुष्पा गुप्ता पति श्री मुकेश गुप्ता** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जायेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./18313/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18313
वार्ड का नाम- 04 - यतियतन लाल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 04 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR104D0794A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NATWAR LAL CHAWDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O JAYANTI LAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KELIN CHAWDA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O VELJI CHAWDA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 813 दिनांक 19.02.2025**
**वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड**
**वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **20** मांग **पंजी क्र. 814 युआईडी 32037** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **शहनाज बानों / अब्दुल जब्बार डगली** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **राजेश कुमार / शंकर प्रसाद वर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-03-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**
**नामांतरण प्रकरण क्र. 814 दिनांक 19.02.2025**
**वार्ड का नाम-शहीद भगत सिंह वार्ड**
**वार्ड क्र. 24 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **24** मांग **पंजी क्र. 212 युआईडी 24312** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **बुलाकीदास नत्थानी / बद्रीप्रसाद** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **शिवमूरत सिंह / रामधारी सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-03-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**कम सं ( 1 ) ई - निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी -147-24-25 दिनांक 06-02-2025**
**कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/ मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अप टनल के एप्रोच पर किमी 799/13-19 अप लाइन साइड के बीच कटिंग का चौड़ीकरण और टी.बी.आर 49.803 किमी जैसे ट्रैक कार्यों का निष्पादन।
**निविदा मूल्य (रु)** 7,68,16,304.58 **अमानत राशि (रु)** 5,34,100.00/- **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 माह **निविदा जमा की आरंभ तिथी:-** दिनांक 24-02-2025 के 11.00 बजे से। **निविदा जमा की अंतिम तिथी:-** दिनांक 10-03-2025 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)**
सीपीआर/10/AM/480 **द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17563/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17563
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N0850B** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PREETI SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURENDRA KUMAR SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती शकुंतला वर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री भानुप्रताप वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17990/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17990
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N00868** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **FATIMA ANSARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ALGAR ANSARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती नीलिमा तांडी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री असित तांडी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18055/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18055
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651S00043** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M. ISHWAR RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.. BABU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती पुष्पा शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री बच्चू शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17913/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17913
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652N0995A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ABHISHEK SINGH CHANDEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMSUCHIT SINGH CHANDEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती फातिमा अंसारी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री अली असगर अंसारी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17956/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17956
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652J00253** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **JUGAL KISHORE NAMDEV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SAKHARAM NAMDEV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री बालमुकुंद देवांगन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री हरिबोल देवांगन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./17817/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17817
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651S0067A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJESH JUNEJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **P.L.JUNEJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती भारती चतवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री भरत चतवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18306/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18306
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K00380** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DHARMENDRA JAIN , PRIYA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAWATMAL JAIN, DHARMENDRA JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रौनक जैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री राजकुमार जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18179/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025

**इश्तिहार**


नामांतरण प्र.क्र. 18179
वार्ड का नाम- 49 -गुरू घासीदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR344G00244** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RUPESHWARI CHANDRAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **....** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री सृजन चंद्राकर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - श्री स्व. राजेन्द्र चंद्राकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत पंजीकृत दानपत्र टैक्स रसीद आधार कार्ड** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

## नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस पदाधिकारी राधा रवि ने किया भाजपा में प्रवेश


### नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस पदाधिकारी राधा रवि ने किया भाजपा में प्रवेश



**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य और नारी शक्ति को बढ़ावा देने का विशेष महत्व सहित जनकल्याणकारी वाली भाजपा की सोच से प्रभावित होकर आज जिला पंचायत सरगुजा क्षेत्र क्रमांक 6 से विजय प्राप्त करने वाली राधा रवि ने भाजपा का दामन थाम लिया है। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के नेतृत्व तथा भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं ओबीसी मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश, युवा आयोग प्रदेश अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर की उपस्थिति में राधा रवि ने आज भाजपा में प्रवेश किया। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य राधा रवि का भाजपा में प्रवेश पर भाजपा नेता व पदाधिकारीयों ने उनका स्वागत करते हुए बीजेपी संगठन के और मजबूत होने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत खम्हारिया उदयपुर निवासी राधा रवि प्रदेश कांग्रेस में पदाधिकारी रह चुकी है, 2019-20 के चुनाव में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से जीत हासिल करते हुए सदस्य चुनी गई हैं तथा अनुसूचित जाति रविदास समाज में प्रदेश महासचिव के रूप में समाज के लिए अपना विशेष योगदान देती आ रही हैं।राधा रवि सहकारिता एवं फूड कॉरपोरेशन में सभापति पद पर भी आसीन हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राधा रवि ने अपने भाजपा प्रवेश पर खुशी जताते हुए कहा कि सरगुजा जिले में निगम चुनाव के बाद पंचायत चुनावों में भाजपा के पक्ष में भारी जनादेश बस यूं ही प्राप्त नहीं हुआ, इसके लिए भाजपा जिलाध्यक्ष की सकारात्मक भूमिका, मजबूत भाजपा संगठन, भाजपा की जनकल्याणकारी योजना और विकास, नारी शक्ति को महत्व देने जैसी अनेक बातें हैं, जिससे मैं बेहद प्रभावित हूं।

## मतगणना में धांधली का आरोप लगा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने पुनः मतदान की मांग की

**अंबिकापुर(विश्व परिवार)** /जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में मतगणना में धांधली का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने पुन: मतदान की मांग कलेक्टर से की है। इस बाबत एक ज्ञापन इस क्षेत्र से कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी पारस मीरा राजवाड़े ने कलेक्टर को दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष और प्रत्याशी ने शिकायत की है कि मतगणना के दौरान पंचों के मतगणना अभिकर्ता को छोड़ अन्य उम्मीदवारों के मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना कक्ष से बाहर निकाल दिया गया था। मतगणना की गणना पर्ची तक उपलब्ध नहीं कराई गई है।निर्धारित



प्रारूप में मतगणना की गणना पर्ची उपलब्ध कराने के बजाय हस्तलिखित प्रारूप में बनाया गया है। माझपारा और सुन्दरपुर के मतदान केंद्रों में चुनाव कर्मचारियों ने इसी प्रकार की गणना पर्ची जारी की है। कई मतदान केंद्रों से ऐसे गणना पर्ची जारी किये गए हैं जिसमें कुल मतगणना के अलावा मात्र एक निर्दलीय प्रत्याशी को प्राप्त मतों का उल्लेख है। शेष प्रत्याशियों के मतों को गणना पर्ची पर दर्ज ही नहीं किया गया है। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने आरोप लगाया है कि मतदान केंद्र पर कर्मचारी भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए पक्षपात पूर्ण ढंग से कार्य कर रहे थे। प्रत्याशी ने कहा है कि करीबी चुनाव में पिछड़ चुके भाजपा समर्थित प्रत्याशी को जितने जे लिए उनके मतों को भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में समायोजित किया गया है। इसे प्रमाणित करने के लिए पारस मीरा राजवाड़े ने इंद्रपुर मतदान केंद्र से जारी पर्ची को संलग्न किया है जिसमें मात्र निर्दलीय प्रत्याशी को मिले मतों का उल्लेख है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने आरोप लगाया है कि भाजपा समर्थित प्रत्याशी के पति चूंकि भाजपा सरकार के अहम हिस्सा हैं, इसलिए यहाँ व्यापक पक्षपात कर उन्हें विजय दिलाया गया है। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने इस धांधली के विरुद्ध पुन: मतदान की मांग कलेक्टर से किया है। ऐसा नहीं होने पर उच्च न्यायालय में इस निर्वाचन और उसकी प्रक्रिया को चुनौती देने का फैसला लिया गया है।

## ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शराब बेचना पड़ा महंगा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रतिबंध के बावजूद ड्राई डे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान के दिन शराब बेचना ,पिलाना भारी पड़ गया। पताढ़ी लैंको गेट के सामने स्थित ढाबा को प्रशासन ,पुलिस,आबकारी की टीम ने सील कर दिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । नायब तहसीलदार बरपाली के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई से हड़कम्प मच गया है। जिले में कलेक्टर अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सोमवार को प्रथम चरण के मतदान दिवस हेतु लागू शुष्क दिवस (ड्राई डे )में पताड़ी लैंको गेट स्थित सुभाष ढाबा में शराब बेचने और पिलाने की शिकायत मिली । प्राप्त शिकायत के आधार पर नायब तहसीलदार बरपाली चंद्रभूषण चंद्रा के नेतृत्व में थाना उरगा और आबकारी वृत्त दक्षिण के सयुक्त टीम द्वारा जांच कर आबकारी अधिनयम की धारा 36(क) के तहत कार्यवाही की गई । आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर शुष्क दिवस पर मदिरा पान कराने के कारण उक्त ढाबा बंद कराया गया।

## पहले चरण में भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य के तीन प्रत्याशी जीते



**//अंबिकापुर(विश्व परिवार)//**पहले चरण के पंचायत चुनाव में अब तक भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य के तीन प्रत्याशी चुनाव जीते हैं। क्षेत्र क्रमांक 1 से श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया अपने नजदीकी प्रत्याशी सरिता पैकरा से 15009 वोट से,क्षेत्र क्रमांक 2 से श्रीमती पायल सिंह तोमर अपने नजदीकी प्रत्याशी अनीता राजवाडे से लगभग 2400 वोट से, तथा क्षेत्र क्रमांक 4 से विजय अग्रवाल अपने नजदीकी प्रत्याशी कामेंद्र राजवाडे से लगभग 8000 वोटों से विजयी हुए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने पहले चरण के भाजपा समर्थित विजयी प्रत्याशियों को ढेरों बधाई देते हुए अगले दोनों चरणों के पंचायत चुनाव में भी बड़ी संख्या में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के जीत कर आने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा है कि नगरीय निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं के दम पर बीजेपी को मिली शानदार सफलता पंचायत चुनाव में भी दोहराया जाएगा।

## लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में 8 मार्च को

**गौरेला पेंड्रा मरवाही(विश्व परिवार).।** लोगों को शीघ्र एवं सस्ता न्याय सुलभ कराने के लिए नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 8 मार्च शनिवार को व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में किया जा रहा है। लोक अदालत विवादों को आपसी समझौते के द्वारा सुलझाने के लिए एक वैकल्पिक मंच है, जहां लंबित या विवादपूर्वक कारणों का आपसी समझाईश एवं सुलह के आधार पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण किया जाता है। लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु आवेदन छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सचिव, उच्च न्यायालय विधिक सहायता समिति बिलासपुर तथा निकटवर्ती जिले में अध्यक्ष-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय एवं तहसील में वरिष्ठ न्यायाधीश-अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पेण्ड्रारोड के समक्ष आवेदन दिये जा सकते हैं। अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पेण्ड्रारोड श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने बताया कि लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों को नोटिस जारी की जा रही है। न्यायधीशों एवं पैरा लीगल वालिंटियर्स के माध्यम से लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु पक्षकारों के मध्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से मोहल्ला लोक अदालत में आवेदन प्रस्तुत करने हेतु भी जनसंपर्क कर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। इस हेतु विद्युत विभाग, वन मण्डल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नगर पालिका, लीड बैंक मैनेजर के साथ बैठक कर अधिक से अधिक लंबित राशि वसूली हेतु प्रीलिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुति हेतु चर्चा की गई एवं पक्षकारों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को व्यवहार न्यायालय पेण्ड्रारोड में लोक अदालत का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर श्री सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। लोक अदालत में सिविल, दांडिक, राजस्व, श्रम, मोटर दुर्घटनादावा, बैंक, बीमा, विद्युत, रेल्वे ट्रिब्यूनल आपरेटिव, दूरभाष, डाकतार, आयकर, विक्रयकर, ईधन आपूर्ति, स्थानीय निकाय तथा अन्य न्यायिक व अर्द्धन्यायिक संस्थानों एवं फोरम आदि में लंबित मामलों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत का अधिनिर्णय सिविल न्यायालय के डिक्री या किसी अन्य न्यायालय का आदेश के समान प्रभावशील होता है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रामानुज नगर एवं प्रेम नगर विकासखंड का कल होगा द्वितीय चरण का मतदान

### मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**गोपाल सिंह विद्रोही**

सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)- जिले के रामानुजनगर और प्रेमनगर विकासखंड में कल 20 जनवरी को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए जनपद पंचायत परिसर, रामानुजनगर से और सरपंच सदन प्रेमनगर से मतदान सामग्री वितरण कर मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत कल 20 फरवरी को रामानुजनगर और प्रेमनगर विकासखंड में मतदान होना है जिसके लिए आज मतदान दलों को रवाना किया गया है। मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने आज सुबह से ही सामग्री वितरण केंद्र पहुंचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान करते





हुए अन्य सभी जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि कल द्वितीय चरण के होने वाले मतदान में रामानुजनगर में 200 और प्रेमनगर विकासखंड में 86 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अंतर्गत कुल 36 बीडीसी, 04 डीडीसी, 120 सरपंच और 1737 पंच पदों के लिए होगा मतदान। जिसमें रामानुजनगर अंतर्गत 24 बीडीसी, 03 डीडीसी, 74 सरपंच और 1131 पंच के पदों और प्रेमनगर अंतर्गत 12 बीडीसी, 01 डीडीसी 46 सरपंच तथा 606 पंच के पदों के लिए मतदान होगा। इस निर्वाचन कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत के 15 निर्वाचन क्षेत्रों, जनपद पंचायत के 126 निर्वाचन क्षेत्रों , 480 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 6807 वार्डों के लिए 03 चरणों में मतदान हो रहा है। इनमें 271928 पुरुष मतदाता और 275977 महिला मतदाता देंगे अपना मत। इसके लिए जिले भर में कुल 1081 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत रविंद्र नगर में तीन माह पूर्व लगा ट्रांसफर, विद्युत आपूर्ति न होने से ग्राम वासियों में आक्रोश



**सूरजपुर ब्यूरो दैनिक विश्व परिवार।** ग्राम पंचायत रविंद्र नगर में तीन महीनापुर विद्युत ट्रांसफार्मर लग गया परंतु इसमें विद्युत आपूर्ति न होने से ग्राम में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है जिससे आम जनों में आक्रोश है जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रविंद्र नगर नेक्सा शोरूम के सामने के ट्रांसफर्मर लगभग 3 महीना लग हो गया लेकिनअब तक चालू नहीं हो पाया ।बिजली विभाग की लापरवाही से किसानों को विद्युत की समस्या से भुगतना पड़ रहा है ।लो वोल्टेज के नाम से अतिरिक्त ट्रांसफर्मर का मांग होने पर यह लगा था लेकिन अब तक चालू नहीं हो पाया है। बिजली विभाग की इस लापरवाही से ग्राम रविंद्र नगर के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

### आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई(विश्व परिवार)** ।मानव संसाधन विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय-समय पर आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्र से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: मानव संसाधन विभाग में किया गया, जिसमें बार एवं रॉड विभाग के 19 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) श्री योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संदीप माथुर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन-वर्क्स) श्री एस के सोनी तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संजय द्विवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने बार एवं रॉड मिल, मर्चेंट मिल, रेल मिल, ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया), एसएमएस-3 विभाग में उत्पादन प्रक्रिया को देखा। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने इस प्रकार के आयोजन के लिए संयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन एच.आर.-मिल्स जोन-1 विभाग द्वारा किया गया। उप प्रबंधक (एच.आर.-मिल्स जोन-1) श्रीमति समायला अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने कर्मठ कार्मिकों के योगदान की बदौलत उत्पादन एवं लाभ के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। कार्मिकों और उनके परिवारजनों के साथ अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ता कायम करने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र का कार्मिक विभाग सतत प्रयासरत है।

### भिलाई इस्पात सियान सदन (सीनियर सिटीजन होम) के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**भिलाई(विश्व परिवार)।** भिलाई इस्पात संयंत्र अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधी के तहत हमेशा उत्कृष्ट कार्य करता रहा है और इसका ही एक अद्वितीय पहल है भिलाई इस्पात सियान सदन, जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए आरामदायक आवास सेवा प्रदान करता है। सियान सदन सदैव सेवाभाव व सम्मान के साथ इन्हें यहाँ आश्रय देता है और उनकी जरूरतों का ध्यान रखता है। यहाँ के सभी कमरे वृद्धजनों को आबंटित हो चुके थे, इसलिए सियान सदन में कमरों की कमी के कारण अधिक लोगों को आवासीय सुविधा दे पाना मुश्किल था। लेकिन अब नए कमरों के निर्माण के साथ, इस सुविधा को बेहतर करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को आवासीय सुविधा प्रदान करने की क्षमता बढ़ा दी गई है। भिलाई इस्पात सियान सदन में रहने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से विज्ञापन क्र-बीएसपी-13 (सी.एस.आर)/24-25/दिनांक: 17/02/2025 के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 है। यह सियान सदन, भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा संचालित की जाती है। भिलाई के सियान सदन में 20 डबल बेड वाले कमरे पहले से थे तथा यहाँ 20 और नये कमरों का निर्माण किया गया है।

दैनिक
# विश्व परिवार
विचार-पक्ष
रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

## इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी.....

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। सिंह 2017 में पहली दफा मणिपुर के मुख्यमंत्री बने थे। उनके नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का राज्य में यह दूसरा कार्यकाल था, परंतु राज्य में हो रही हिंसा पर नियंत्रण रखने में नाकामयाब रहने के आरोप लग रहे थे। इसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट द्वारा जातीय हिंसा में सिंह की भूमिका को लेकर आरोप लगाने वाली लीक हुई ऑडियो क्लिप की प्रमाणिकता को लेकर सील बंद फोरेंसिक रिपोर्ट मांगने के बाद ताजा विवाद शुरू हो गया। इतना ही नहीं, विपक्षी दल कांग्रेस विधानसभा सत्र के दौरान सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को तैयार थी। बीते दो वर्षो से राज्य में मैतई समुदाय व कुकी जनजातियों के बीच चल रहे खूनी संघर्ष से निपटने में सिंह असफल ही नहीं रहे। बल्कि उन पर मैतई विद्रोहियों के समर्थन का भी आरोप है। उनके दल के ही कुछ विधायकों के मुख्यमंत्री से खासा नाराज होने और विपक्ष के संपर्क में होने की चर्चा भी जोरों से है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व को आनन-फानन यह निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा। नाराज धड़ा यदि टूटकर विपक्ष के पाले में जा मिलता तो सरकार पर संकट आना लाजमी था। जो मोदी सरकार की फजीहत करने वाला साबित होता। इधर दिल्ली सरकार में पताका फहराने का जोश मन्दा भी नहीं पड़ा था कि हिंसा से झुलस रहे मणिपुर की सत्ता पर संकट गहराता भांपते ही स्थिर पर काबू करने के लिहाज से इस्तीफे की कड़वी दवा गले उतारी गई। मणिपुर के अकेले चर्चित फुटबॉल खिलाड़ी रहे बीरेन पत्रकारिता में भी हाथ अजमा चुके हैं। खिलाड़ी और संपादक रहने के नाते उन्हें दांवपेंच का महारथी माना जाता रहा है। कुछ ही दिन पहले उनका कथित इस्तीफा भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसे फटा हुआ बताकर शरारत साबित करने की कोशिशें की गई थीं। सबसे लंबे समय तक वहां के मुख्यमंत्री रहे ओकराम इबोबी के सबसे करीबी रहने और उनसे राजनीतिक दांव-पेच सीखने वाले सिंह ने न सिर्फ उनसे बगावत की बल्कि पलटवार करते हुए सत्ता भी हासिल की। आशंका की जा सकती है कि सिंह अपने तेवर फिर दिखाने से चूकेंगे नहीं और सियासी घमासान में पुराना पैंतरा आजमाने से हिचक नहीं सकते। राज्य में शांति बहाली की प्राथमिकता को स्वीकरते हुए केंद्र को भीतरघात के प्रति चौकन्ना रहने के प्रति खास तवज्जो देनी होगी।

# गांवों में विकास अनुकूलता का परिदृश्य

डा. जयंतीलाल भंडारी

हमें इस तथ्य पर भी ध्यान देना होगा कि भारतीय किसान ऑनलाइन खरीददारी में दुनिया में बहुत पीछे हैं। देश में करीब 42 फीसदी किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीला भुगतान का विकल्प नहीं मिलता है। देश में प्रत्येक किसान परिवार औसतन 74121 रुपए के कर्ज तले दबा हुआ है। ऐसे परिवेश को बदलने के अधिक प्रयास किए जाने होंगे। हम उम्मीद करें कि सरकार खास तौर से ग्रामीण परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगी इन दिनों ग्रामीण भारत में परिवर्तन और किसानों के बदलते जीवन विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि भारत के ग्रामीण परिवेश में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है और इससे किसानों की आमदनी के साथ किसानों का जीवन स्तर बढ़ रहा है। हाल ही में 6 फरवरी को प्रकाशित मैकिन्से ग्लोबल फार्मर्स इनसाइट सर्वे 2024 में कहा गया है कि भारतीय किसान तेजी से डिजिटल पेमेंट को अपना रहे हैं। वर्ष 2024 में भारत में 40 फीसदी किसानों के द्वारा रुपयों का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया गया है, वहीं वर्ष 2022 में केवल 11 फीसदी किसान ही डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल कर रहे थे। किसानों के बीच डिजिटल भुगतान का चलन बढने का कारण सस्ता डाटा और यूपीआई सेवा को माना गया है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में देश में फसल बीमा का इस्तेमाल करने वाले महज 8 फीसदी किसान थे, वह वर्ष 2024 में बढकर 37 फीसदी हो गए हैं। इसमें सबसे अधिक योगदान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का है। यह भी पाया गया है कि 11 फीसदी किसान वर्ष 2024 में जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि वर्ष 2022 में 2 प्रतिशत किसान ही जैविक उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे थे। इस रिपोर्ट का यह निष्कर्ष भी महत्वपूर्ण है कि भारत के किसान औपचारिक ऋण की ओर बढ़ रहे हैं। वर्ष 2024 में 36 फीसदी किसानों ने बैंक से कर्ज लिया, जो वर्ष 2022 में केवल 9 फीसदी था। वहीं, 26 फीसदी किसानों ने सब्सिडी वाले सरकारी ऋण का उपयोग किया, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ एक फीसदी था। रिपोर्ट ने यह भी बताया कि भारत के 53 फीसदी किसान फसल



चक्रीकरण जैसे टिकाऊ खेती के तरीकों को अपनाने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। सरकार इस दिशा में कई तरह से सहायता प्रदान कर रही है, जैसे कि लागत में छूट, कार्बन क्रेडिट से आय बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन आदि। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि मार्च 2024 तक, भारत में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। इनमें से 39.83 करोड़ ग्रामीण इंटरनेट ग्राहक थे। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के द्वारा जारी रिपोर्ट भी महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्य रूप से गरीबों को सीधे, लाभान्वित करने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभावों और विकास के कारण गरीबी में कमी आई है। गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले 14 सालों में आमदनी बढने से जहां शहरों में हर माह प्रतिव्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों में करीब चार गुना हो गया है। वर्ष 2009-10 से 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में एमपीसीई 1984 रुपए से बढकर 6996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह खर्च 1054 रुपए से बढकर 4122 रुपए हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों की ग्रोथ ज्यादा है। नि:संदेह ग्रामीण एवं कृषि विकास के विभिन्न अभियानों के कारण देश में ग्रामीण गरीबी में तेजी से कमी आ रही है। यह पिछले वर्ष 2024 में घटकर पांच प्रतिशत से भी कम रह गई है। साथ ही ग्रामीणों की आमदनी और क्रयशक्ति बढ़ी है। आज गांवों के लाखों घरों को पीने का साफपानी मिल रहा है। लोगों को डेढ़ लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिरों से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। आज डिजिटल तकनीक की मदद से बेहतरीन डॉक्टर और अस्पताल भी गांवों से कनेक्ट हो रहे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के जरिए देश को किसानों को तीन लाख करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जा रही है। बीते 10 वर्षों में कृषि ऋण साढ़े तीन गुना बढ़ गए हैं। अब पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड दिए जा रहे हैं। बीते 10 वर्षों में फसलों पर दी जाने वाली सब्सिडी और फसल बीमे की राशि को बढ़ाया है। स्वामित्व योजना जैसे अभियान चलाए हैं, जिनके जरिए गांव के लोगों को संपत्ति के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। गांव के युवाओं को मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं के जरिए मदद की जा रही है। यह भी महत्वपूर्ण है कि डिजिटल इंडिया, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना जैसे अभियानों से भी ग्रामीण भारत में गरीबी में कमी आ रही है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत 80 करोड़ से अधिक गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों को मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने ग्रामीण भारत में भी गरीबी को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। निश्चित रूप से ग्रामीण भारत में सकारात्मक परिवर्तन, कृषि और ग्रामीण विकास तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के मद्देनजर केंद्रीय बजट 2025-26 एक और आशा किरण लेकर आया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के लिए इस बार केंद्रीय बजट 2025-26 में 188754 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नए बजट में कृषि एवं किसान कल्याण का बजट आवंटन 1.71 लाख करोड़ रुपए किया गया है जो पिछले वर्ष के बजट की तुलना में 11 फीसदी अधिक है। केंद्रित कार्यक्रमों और निवेशों के माध्यम से ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाने और समृद्धि बढ़ाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन, भारतनेट परियोजना जैसी प्रमुख पहलों की रूपरेखा तैयार की गई है। ये सभी नई बजट व्यवस्थाएं ग्रामीण विकास और किसानों के जीवन स्तर को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे सकेंगी। लेकिन हमें अभी भी ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की प्रगति के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। देश के 95 फीसदी किसान वर्तमान में भी आधुनिक खेती की तकनीक नहीं अपना रहे हैं। इसका कारण सेटअप में लगने वाला समय, ज्यादा लागत, निवेश पर रिटर्न को लेकर स्पष्टता की कमी जैसे कारक हैं। हमें इस तथ्य पर भी ध्यान देना होगा कि भारतीय किसान ऑनलाइन खरीददारी में दुनिया में बहुत पीछे हैं। देश में करीब 42 फीसदी किसानों का कहना है कि उन्हें ऑनलाइन विक्रेताओं से पर्याप्त ग्राहक सेवा और लचीला भुगतान का विकल्प नहीं मिलता है। देश में प्रत्येक किसान परिवार औसतन 74121 रुपए के कर्ज तले दबा हुआ है। ऐसे परिवेश को बदलने के अधिक प्रयास किए जाने होंगे। हम उम्मीद करें कि सरकार खास तौर से ग्रामीण गरीबी का सामना कर रहे परिवारों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और डिजिटल कौशल से सुसज्जित करके रोजगार से सशक्तिकरण का रणनीतिक अभियान आगे बढ़ाएगी। साथ ही हम उम्मीद करें कि सरकार विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के परिप्रेक्ष्य में ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं को और सशक्त बनाने की डगर पर आगे बढ़ेगी, इससे भी ग्रामीणों की आमदनी में तेजी से वृद्धि होगी तथा किसानों को मुस्कुराहट देने का एक और नया अध्याय लिखा जा सकेगा।

## आलेख

## यूरोप को राजनीतिक और कूटनीतिक झटके

डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद राजनीतिक और कूटनीतिक झटके यूरोप में महसूस किए जा रहे हैं। जर्मनी के शहर म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के भाषण ने यूरोप के सत्ता प्रतिष्ठानों को हिला दिया है। कुछ महीने पहले तक अमेरिका यूरोप के नेता एक ही सुर में बोलते थे। यूक्रेन युद्ध सहित अनेक विश्व मामलों में दुनिया को बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के बजाय आग में घी डालने का काम किया। यूक्रेन, रूस और यूरोप को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वायदे के अनुसार कार्यकाल के आरंभ में ही युद्ध समाप्त कराने तथा शांति वार्ता आयोजित करने के संबंध में ठोस पहल की। उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से लंबी बातचीत की। ट्रंप का शांति फार्मूला है यूक्रेन में तुरंत युद्ध विराम हो तथा बातचीत शुरू हो। रूस को भरोसा दिलाया जाए कि यूक्रेन को कभी पश्चिमी देश सैन्य संगठन नाटो एवं सदस्य नहीं बनाया जाएगा। वास्तव में कुछ वर्ष पहले यदि यह घोषणा की गई होती तो युद्ध शुरू ही नहीं होता। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग सेथ ने नाटो की बैठक में अमेरिका के इसी रवैये को दोहराया जो यूरोपीय सदस्य देशों को नागवार गुजरा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की खुलकर ट्रंप प्रशासन का विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। हालांकि पर्दे के पीछे वह अमेरिका के खिलाफ यूरोपीय देशों की लामबंदी का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का संबोधन यूरोप की सरकारों और नेताओं की नीतियों पर खुला प्रहार था। उन्होंने इन देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अपनाई जा रही पाखंडपूर्ण नीतियों की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यूरोप को रूस और चीन सहित बाहरी शक्तियों के बजाय घरेलू ताकतों से असल खतरा है। जेडी वेंस ने आरोप लगाया कि यूरोपीय देशों में अभिव्यक्ति की आजादी को दबाने की कोशिश की जा रही है जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्तोरियस ने आपत्ति जाहिर करते हुए कहा कि यह स्वीकार नहीं किया जा सकता। वास्तव में आव्रजन, इस्लामी कट्टरवाद, गर्भपात, पर्यावरण और वैक्सीन आदि मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन तथा यूरोपीय नेताओं में मतभेद है। पिछले चुनाव में अमेरिकी मतदाताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी के खिलाफ ट्रंप को भारी जनादेश दिया था। ट्रंप प्रशासन अब इन्हीं नीतियों को अन्य देशों में फैलाना चाहता है। उपराष्ट्रपति वेंस का संबोधन ऐसे समय सामने आया है जब जर्मनी में आम चुनाव होने वाले हैं। चांसलर शोल्ज को कड़ी चुनौती का सामना है। यूरोप की अन्य देशों की तरह जर्मनी में भी आव्रजन और इस्लामी कट्टरवाद विरोधी राजनीतिक दलों की ताकत बढ़ रही है। जर्मनी के दक्षिणपंथी राष्ट्रवादी दल एडीएफ की ताकत में इजाफा हो रहा है। मस्क एडीएफ का समर्थन कर रहे हैं। जर्मनी और यूरोप के अन्य देशों में यह धारणा बन रही है कि ट्रंप प्रशासन चुनाव में दखलअंदाजी कर रहा है। यह विडंबना है कि कुछ दिन पहले जो यूरोपीय देश अन्य देशों को अभिव्यक्ति की आजादी की नसीहत दे रहे थे, वे आज खुद कठघरे में खड़े हैं। वास्तव में पश्चिम का वर्चस्ववादी वैंकि तंत्र सूचना युद्ध पर टिका था। सूचना के सभी माध्यमों पर इन देशों का एकाधिकार था। किसी भी मुद्दे पर घरेलू और विदेशी मोर्चे पर जनमत का निर्माण करने के लिए इस सूचना तंत्र का इस्तेमाल किया जाता था। ट्वीटर, फेसबुक और व्हाट्सएप आदि के प्रचलन के बाद लोगों को सूचना के वैकल्पिक माध्यम हासिल हुए। एलन मस्क ने ट्वीटर का स्वामित्व हासिल करने के बाद इसे आंतरिक सेंसरशिप से मुक्त किया। वास्तव में भारत पश्चिमी देशों के सूचना एकाधिकार के दुष्परिणाम का भुक्तभोगी रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहते रहे हैं कि भारत और उसकी सरकार की छवि खराब करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया जाता है। जयशंकर ने कुछ वर्ष पूर्व इसी म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि यूरोपीय देश यह मानते हैं कि इस महाद्वीप की समस्या विव्यापी है जबकि अन्य देशों की समस्याओं से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह स्थिति ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने प्रकारांतर से जयशंकर के तर्क को ही आगे बढ़ाया है।

# पथरीली और बंजर जमीन हरी-भरी...

भारत डोगरा

किसी भी किसान के लिए बहुत उत्साहवर्धक स्थिति है कि पथरीली और बंजर पड़ी भूमि हरी-भरी फसलों से मुस्कराने लगे और यह उत्साह आज राजस्थान के करौली जिले के अनेक किसानों में दिखाई दे रहा है। मकनपुरस्वामी गांव (मंडरयाल ब्लॉक) के कृषक बल्लभ और विमला ने बताया कि उनके गांव में पत्थर का खनन होता रहा है और बहुत सी जमीन पथरीली होने के साथ खनन के पत्थर भी इधर-उधर बिखरे रहते हैं। गांव में पानी की बहुत कमी थी। अत॰ उनकी जमीन का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा बंजर पड़ा था। इस स्थिति में आसपास के अनेक गांवों ने चंदा एकत्र किया और फिर श्रमदान करते हुए वर्षा के बहते पानी को एक स्थान पर रोक कर जल संकट को कुछ हद तक कम किया। आगे वे बताते हैं कि इससे भी बड़ा बदलाव तब आया जब 'सृजन' नामक संस्था ने जल-स्रोतों से मिट्टी हटवा कर खेतों में डलवाई। इससे जल-स्रोत में गहराई आई, अधिक जल एकत्र होने लगा और खेतों का उपजाऊपन बढ़ा। खेतों की मेढ़बंदी की तो उनमें भी पानी रुकने लगा। कृषि भूमि का समतलीकरण किया गया। इस सब का मिला-जुला असर यह हुआ कि बहुत सी पथरीली बंजर भूमि पर अब खेती होने लगी। बल्लभ और विमला अपने हरे-भरे सब्जी के खेत दिखाते हुए बताते हैं कि 'सृजन' ने बीज, पौधों और प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण द्वारा सहायता दी। आरंभ में प्राकृतिक खेती में कुछ कठिनाई आई पर अब प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं की कीमत डेढ़ गुनी मिल रही है। विविध सब्जियों का फसल-चक्र वर्ष भर चलता रहता है, जिससे आय भी होती है और पोषण भी सुधरता है। पशुओं के गोबर और मूत्र की खाद बनाने के लिए बायो-रिसोर्स सेंटर भी उन्होंने स्थापित किया है। इसी गांव के किसान मान सिंह बताते हैं कि 'सृजन' ने उनके जैसे कुछ किसानों को सोलर पंप सेट लगाने में सहायता दी और कुछ अन्य को सरकारी विभागों से यह सब्सिडी सहित प्राप्त करने में सहयोग भी दिया। इनके सोलर पंप बहुत कामयाब हैं और डीजल के खर्च में भी बहुत कमी आई है, जबकि प्राकृतिक खेती के प्रसार से अन्य खचरे में बहुत कमी आई है। इसी प्रखंड में जगदड़पुरा की महिला किसान संगठित हुई हैं, और नियमित मीटिंग कर विकास कार्य को आगे बढ़ाती हैं। यह गांव राजस्थान की सीमा पर है और थोड़ा सा आगे जाकर मध्य प्रदेश के मुरैना जिले या चम्बल क्षेत्र के बीहड़ आरंभ हो जाते हैं। अत॰ यहां भूमि बंजर होने का खतरा बीहड़ों के प्रसार से भी है और मिट्टी के अधिक कटाव से बीहड़ फैलते और बढ़ते हैं। गांव के किसान अपनी मेहनत से जमीन को समतल कर इस कठिन स्थिति को संभालते हैं। यहां 'सृजन' के प्रयासों ने किसानों की हिम्मत को बहुत बढ़ा दिया है। गांव की महिलाओं ने सामूहिक चर्चा में बताया कि पहाड़ी क्षेत्र में जल-संरक्षण कार्य 'सृजन' की सहायता से हुए हैं जिससे जल-स्तर में सुधार हो रहा है। भूमि का समतलीकरण और मेढ़बंदी को भी बढ़ाया गया है और प्राकृतिक खेती का प्रसार किया गया है। ऐसे विभिन्न प्रयासों से इस गांव में लगभग 25 हैक्टेयर बंजर भूमि पर खेती होने लगी है और इससे लगभग दो गुनी भूमि पर फसल की सघनता और उत्पादकता बढ़ी है। जिस भूमि पर पहले केवल बाजरा होता था, उस पर अब गेहूं, चना, सरसों और सब्जियां सब हो रहे हैं। 'सृजन' के माध्यम से सरकारी कृषि विज्ञान केंद्र से भी मजबूती का संबंध बना है और सिलाई की मशीन, सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर आदि का लाभ मिला है। खारा पानी गांव की बड़ी समस्या है और जब जल जीवन मिशन में लगे नल से बेहतर गुणवत्ता का पानी आने लगा तो लोग बहुत प्रसन्न हुए पर किसी अन्य गांव में पानी फसल के लिए लेने हेतु पाइपलाइन तोड़ दी गई तो यहां नल में पानी आना रुक गया और लोग फिर खारा पानी पीने को मजबूर हो गए। इसी ब्लॉक में स्थित तीन पोखर गांव पथरीली भूमि और पानी की कमी के अतिरिक्त जंगली जानवरों के प्रकोप से त्रस्त रहा है। यहां की बहुत कठिन स्थितियों को देखते हुए अनेक संस्थाओं ने जल-संरक्षण का कार्य किया। हाल के समय में 'सृजन' ने 8 पोखर बनवाए, 18 पोखरों को गहरा किया, मेढ़ पक्की की और अन्य सुधार किए। प्राकृतिक खेती का प्रसार किया और सरकारी सहायता प्राप्त करने में सहयोग किया। इसका असर यह हुआ है कि विकट परिस्थितियों और विशेषकर जंगली पशुओं संबंधी बढ़ती कठिनाइयों के बावजूद कुछ किसान बंजर भूमि को खेती योग्य बनाने में जुटे हैं और खेत से पत्थर हटाने, समतलीकरण, उपजाऊ मिट्टी डलवाने के कार्य 'सृजन' जैसी संस्थाओं के सहयोग से कर रहे हैं। सपोटरा ब्लॉक में कैला देवी धार्मिक स्थल से आगे पहाड़ी वनीय क्षेत्र इस जिले में अधिक हैं। यहां के मार्ग बहुत कठिन हैं और गांव दूर-दूर तक बिखरे हुए हैं। ऐसे बड़े क्षेत्र प्राय॰ नजर आते हैं जहां सिंचाई मिलने से खेती हो सकती है पर पानी के अभाव में भूमि बंजर पड़ी है। अपने सीमित संसाधनों के आधार पर 'सृजन' ने ऐसे अनेक गांवों को चुना है और बड़ी संख्या में पोखर बनवाए हैं या पहले से बने पोखरों का सुधार किया है और उनकी सफाई के दौरान प्राप्त मिट्टी से खेतों को अधिक उपजाऊ बनाया। रावतपुरा एक ऐसा ही गांव है जहां 'सृजन' ने वर्ष में लगभग 13 नये जल स्रोत या पोखर बनवाए और लगभग इतने ही पहले से बने पोखरों का सुधार भी किया। इस कार्य के फलस्वरूप लगभग 200 एकड़ बंजर भूमि पर खेती होने लगी और लगभग इतनी ही भूमि पर एक के स्थान पर दो फसल होने लगीं और उत्पादकता भी बढ़ गई। जहां पहले वर्षा आधारित धान होता था, वहां रबी की फसल में भी गेहूं, चने, सरसों का उत्पादन होने लगा। पहले अपना पेट भरने लायक अनाज भी किसान प्राप्त नहीं कर रहे थे, वहां अब व्यापारी गांव में आकर ही गेहूं, सरसों आदि खरीदने लगे। एक किसान देवी सिंह की लगभग आधी भूमि बंजर पड़ी थी।

# गिरफ्तार लोगों को भी पूरा अधिकार....

हरबंश दीक्षित

संविधान के किसी सुधी विद्यार्थी से आज यदि यह यक्ष प्रश्न पूछा जाए कि सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है, तो इसका उत्तर देने में वह तनिक भी देर नहीं करेगा। वह कहेगा कि संविधान के लागू होने के 75 वर्ष बाद आज भी किसी गिरफ्तार-बीमार को अस्पताल के बिस्तर से बांधकर रखा जाता है। आज भी उसे गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया जाता है और गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने से बचा जाता है, यही सबसे बड़ा आश्चर्य है। हमारे संविधान ने हमें जीवन और दैहिक स्वतंत्रता का मूल अधिकार दिया है। अनुच्छेद—21 के इस अधिकार को हमारी अदालतों ने भी मानवीय विस्तार दिया है। अदालतों ने साफकिया है कि जीने के अधिकार का मतलब केवल पशुवत अस्तित्व नहीं है, अपितु इसका तात्पर्य यह है कि हमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार होगा। यथासम्भव हथकड़ी-बेड़ी नहीं लगाई जाएगी, शुद्ध हवा मिलेगी तथा स्वच्छ पानी मिलेगा। हमारा संविधान यह मानता है कि केवल गिरफ्तार होने से ही हमारे सभी अधिकार समाप्त नहीं होते हैं, बल्कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए कुछ अलग अधिकार भी मिलते हैं। जैसे अनुच्छेद-22 में कहा गया है कि गिरफ्तार व्यक्ति को उसकी गिरफ्तारी का कारण बताया जाएगा, ताकि वह अपनी रक्षा कर सके। उसे अपनी पसंद के वकील से परामर्श की अनुमति होगी तथा यह भी कि गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा, ताकि पुलिस के सम्भावित दुर्व्यवहार से उसे पर्याप्त सुरक्षा मिल सके। संविधान के विद्यार्थी के आश्चर्य की सबसे बड़ी वजह यह है कि आम लोगों के लिए आज भी गिरफ्तार किए गए बीमार व्यक्ति के लिए अनुच्छेद-21 और 22 केवल काले अक्षरों का समूह है। उन्हें आज भी कई जगह जंजीरों में बांधकर रखा जाता है। बगैर लिखत-पढ़त के थाने में लंबे समय तक बैठाया जाता है और गिरफ्तारी का कारण भी नहीं बताया जाता है। अपनी पसंद के वकील की मदद लेना तो बहुत दूर की बात है। सबसे त्रासद यह कि इन बुनियादी अधिकारों के लिए देश की सबसे बड़ी अदालत तक जाना पड़ता है। यह अंदाजा लगाना कठिन नहीं है कि देश की बड़ी आबादी सुप्रीम कोर्ट तक जाने की कल्पना भी नहीं कर सकती। अफसोस, कई जगह पुलिस अपने रवैए में बदलाव नहीं कर रही है, तो अन्याय के शिकार अधिकतर लोग आज भी अपने मूल अधिकारों से वंचित रह जाते हैं। बीती 7



फरवरी, 2025 को इसी तरह का एक मुकदमा जब सर्वोच्च न्यायालय के सामने आया, तब उसकी तीखी टिप्पणी भी सामने आई। प्रस्तुत मामले में पुलिस ने संविधान की सरासर अनदेखी की थी। 10 जून, 2024 को तकरीबन एक साल पुरानी प्राथमिकी के आधार पर विहान कुमार को गुरुग्राम के उनके दफ्तर से साढ़े दस बजे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें अगले दिन 11 फरवरी, 2025 को मजिस्ट्रेट के सामने लाया गया। तब तक 24 घंटे से ज्यादा समय गुजर चुका था, जो अनुच्छेद-22 में दिए गए मूल अधिकार का उल्लंघन था। अभियुक्त की गिरफ्तारी के समय उसे कारण नहीं बताया गया, जबकि अनुच्छेद-22 के अंतर्गत यह हर भारतीय का मूल अधिकार है। हद तो तब हो गई, जब बीमार होने के बावजूद विहान कुमार को अस्पताल में हथकड़ी लगाकर बिस्तर से बांध दिया गया। और तो और, जिला अदालत और उसके बाद उच्च न्यायालय से भी उन्हें न्याय नहीं मिल पाया और सर्वोच्च न्यायालय का द्वार खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सुनवाई हुई, तो गिरफ्तारी के 9 महीने और 27 दिन बाद उन्हें न्याय मिल सका। न्यायमूर्ति अभय एस ओका तथा न्यायमूर्ति एन के सिंह की पीठ ने विहान कुमार को छोड़ने का आदेश दिया और आगे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यापक निर्देश भी जारी किए। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि गिरफ्तारी के समय अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताया जाना केवल औपचारिकता नहीं है, अपितु यह उसका मूल अधिकार है। अभियुक्त को समझ में आने वाली भाषा में उसे गिरफ्तारी का कारण बताया जाना चाहिए, ताकि वह प्रभावी तरीके से अपना बचाव कर सके। इसका पालन नहीं किए जाने पर गिरफ्तारी अवैध मानी जाएगी। अभियुक्त को गिरफ्तारी के 24 घंटे के भीतर निकटतम मजिस्ट्रेट के सामने अवश्य पेश किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने जिला अदालतों और उच्च न्यायालयों को भी निर्देश किया कि उनके सामने यदि गिरफ्तारी से जुड़ा कोई मामला आता है, तो वे यह सुनिश्चित करें कि अभियुक्त के अधिकारों की किसी भी तरह से अनदेखी नहीं हो। सर्वोच्च न्यायालय ने पुलिस की अमानवीयता पर चिंता और आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि संविधान के अनुच्छेद-21 में प्रदत्त जीवन के अधिकार का मतलब केवल पशुवत अस्तित्व से नहीं है, अपितु इसका मतलब है कि गिरफ्तार व्यक्ति को भी मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। अदालत ने आगे कहा कि किसी भी बीमार व्यक्ति को चाहे वह अभियुक्त ही क्यों न हो, हथकड़ी लगाकर अस्पताल के बिस्तर से बांधना मानवीय गरिमा के विरुद्ध है। अदालत ने हरियाणा सरकार को निर्देश जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुनि श्री हितेंद्र सागर जी महाराज ने कहा– सच्चा सुख केवल आत्मा में है संयम दीक्षा धारण करने से सच्चा सुख मिलता है

**मुंगाणा ( विश्व परिवार )।** अनेक साधुओं की जन्म एवं कर्म भूमि धर्मनगरी मुंगाणा में आचार्य वर्धमानसागर संघ सहित विराजित है



आचार्य संघ सानिध्य में प्रतिदिन प्रात:पंचामृत अभिषेक, शास्त्र प्रवचन, दोपहर को स्वाध्याय, शाम को श्रावक श्राविकाओं संस्कार शिविर का आयोजन चल रहा हैजिसमें हितेंद्र सागर आर्यिका महायश मति सहित साधु की कक्षा में सैकड़ो धर्मावलंबी भाग ले रहे हैं। मुनि हितेंद्र सागर ने प्रवचन में बताया कि बहुत पुण्य से मनुष्य जीवन मिलता है जिसमें जैन कुल में जन्म लेकर आप देव, शास्त्र, गुरु और संत समागम का लाभ मिला है संत समागम से आपको व्रत, नियम संयम धारण करना चाहिए। मुनि ने बताया कि संयम दीक्षा धारण कर उत्तम समाधि होने पर भव्य जीव को अगले दो भव से आठ भव में सिद्धालय की प्राप्ति होती है। मुनिहितेंद्र सागर ने कहानी के माध्यम से समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी।करणमल अध्यक्ष एवं अनिरुद्ध मैदावत अनुसार मुनि ने बताया कि मनुष्यभव में जीव ने अनेक बार जतन पुरुषार्थ किए पर कभी सुख की प्राप्ति नहीं हुई, चारों गतियो में अनादि काल से भ्रमण कर रहे हैं कभी अग्नि जलाकर हवन किया कुतप भी किया किंतु सच्चा सुख नहीं मिला सच्चा सुख आत्मा में है पीछी कमंडल सहित संयम धारण करने से सच्चा सुख प्राप्त होता है। जीवन में दीक्षा धारण कर आत्मा का कल्याण करना चाहिए आचार्य वर्धमान सागर ने मात्र 18 वर्ष की उम्र में दीक्षा धारण कर कितनी धर्म प्रभावना कर रहे हैं।

### केंद्रीय जेल में हवन के बाद विधान सम्पन्न



**सागर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से सागर केंद्रीय जेल में सिद्धचक्र महामंडल विधान के समापन पर हवन के उपरांत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की चरण पादुका की स्थापना जेल में अंदर चल रहे हथकरघा केंद्र में प्रमुख पात्रों की उपस्थिति में हुई ब्रा डॉ रेखा जैन ने बताया कि 15 फरवरी से 19 फरवरी तक 5 दिवसीय कार्यक्रम मे 108 इंद्र इन्द्राणी सहित 9 प्रमुख पात्र बने थे जिन्होंने विधान मे इस भजन संध्या, कवि सम्मेलन हुआ और 50 सी अधिक कैदियों ने जेल में मांसाहार न करने के संकल्प लिये। अंतिम दिन उपाध्याय विरंजन सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा जेल के बंदियों को छूटने के बाद अपराधों से दूर होना चाहिए और स्वयं के आत्म कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए।

### ग्राम विरधा में निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक, रथयात्रा में निकली श्री जी की भव्य शोभायात्रा



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्र संत आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज का प्रथम स्मृति महा महोत्सव के अवसर पर ग्राम पूरा विरधा में भव्य रथयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पं. विनोद कुमार शास्त्री बबीना के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह शान्तिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया एवं निर्वाण लाडू चढ़ाकर जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक मनाया। दोपहर में रथयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें धर्म प्रभावना के साथ श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जिसमें तैलीय चित्रों की झाँकी, श्री जी को रथ में लेकर श्रद्धालु बग्गी में धर्मध्वजा लेकर श्रावक श्रेष्ठी डी जे एवं काजल बैंड की धार्मिक धुनों पर नृत्य करते युवा एवं बहुमण्डल वासुपूज्य जिनालय, सत्य अहिंसा के नारे लगाते हुए धर्माबिलम्बी चल रहे थे। आचार्य श्री का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन एवं ध्वजारोहण के बाद कलशाभिषेक शांतिधारा फूलमाल का आयोजन किया गया। जिसमें निकटवर्ती एवं सकल दिगंबर जैन समाज विरधा का सक्रिय सहयोग रहा।

### शिवाजी महाराज के जयकारों से गूंजा संत ज्ञानेश्वर विद्यालय

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल का छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव संत ज्ञानेश्वर विद्यालय (एसडीवी) में पूरी भव्यता के साथ




मनाया गया। एसडीवी के सभागृह में जब श्रावणी मुकादम नृत्य नाटिका के माध्यम से छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्म से अवसान तक की वीरगाथा का मंचन किया, तो जय भवानी, जय शिवाजी के उद्घोष से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा। वहीं चौबे कॉलोनी केंद्र द्वारा प्रस्तुत पोवाड़ा ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ी दी। बताते चलें कि राष्ट्र के गौरव और स्वाभिमान के लिए मुगम शासकों को लोहे के चने चबवाने वाले महान योद्धा और हिंदू हृदय सम्राट छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती बुधवार 19 फरवरी को महाराष्ट्र मंडल द्वारा संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में धूमधाम से मनाई गई।

## श्री विद्यासागरम म्यूजियम का हुआ भव्य शिलान्यास



**हीरापुर/सागर ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के परम आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री प्रबोधसागर जी महाराज, पूज्य मुनि श्री शैलसागर जी महाराज, पूज्य मुनि श्री अचलसागर जी महाराज के सान्निध्य में अनेकों सिद्धक्षेत्रों के मध्य, आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रारंभिक साधना स्थली जहां आचार्यश्री जी ने प्रथम मुनि दीक्षा आचार्य श्री समय सागर जी महाराज को प्रदान की, प्रथम पंचकल्याणक महोत्सव कराया ऐसे द्रोणगिरी जी के पास एवं मुनि श्री क्षमासागर मुनि श्री सुधासागर जी महाराज आदि की क्षुल्लक दीक्षा स्थली नैनागिरि जी के समीप हीरापुर में श्री विद्यासागरम (svs) म्यूजियम का शिलान्यास विधि विधान के साथ किया गया।

ब्र. वीरेंद्र हीरापुर ने बताया कि श्री विद्यासागरम म्यूजियम में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवनवृत पर आधारित 4000 फोटोग्राफ का अद्भुत संकलन होगा। यह संपूर्ण परिकल्पना पूज्य निर्यापक श्रमण श्री अभयसागर जी महाराज ससंघ, पूज्य मुनि श्री अजितसागर जी महाराज ससंघ, पूज्य मुनि श्री आगमसागर जी महाराज, पूज्य मुनि श्री शैलसागर जी महाराज एवं एलक श्री धैर्यसागर जी महाराज के आशीष तले पल्लवित हो रही है।

कार्यक्रम मुख्य प्रतिष्ठाचार्य ब्र. संजीव भैया कटंगी, ब्र. जय निशांत भैया जी टीकमगढ़, ब्र. राकेश भैया जी सागर के द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस मौके पर ब्र. सनत भैया, ब्र. शुभम भैया, ब्र. सुनील भैया ब्र. देव भैया, ब्र. वीरेन्द्र भैया आदि व ब्र. अर्चना दीदी, ब्र. मंजू दीदी, ब्र. पप्पी दीदी आदि मंचासीन रहे। इस दौरान ध्वजारोहण करने सौभाग्य श्री अशोक जी ठेकेदार परिवार बंडा ने प्राप्त किया।

मुनिश्री ने प्रवचन में कहा कि मैं भी सौभाग्यशाली हूं जो आचार्यश्री जी के इस पावन कार्यक्रम में सम्मलित हुआ, जो आचार्यश्री जी की समाधि के बाद उनके उपकारों की यादगर के स्वरुप भारत में प्रथम कार्य हो रहा है। जो भी आचार्यश्री जी को मानते हैं उन सबको इस कार्य में तन- मन- धन से सहयोगी अवश्य होना चाहिए। गुरु उपकार में अपना सर्वस्व न्यौछावर करना पड़े तो कर देना चाहिए। इस अवसर पर श्री सुखानंद शाह, अजित जैन शिक्षक, अभय जैन (आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक, बीजेपी सागर), गुलाबचंद जैन आदि के साथ अनेकों शास्त्री- विद्वान, हीरापुर, शाहगढ, तिगोडा, बड़ामलहरा, भगवां, घुवारा, रामटोरिया, नरवां, अमरमऊ, मड़देवरा, बीला, बंडा दलपतपुर, बक्सवाहा, बम्होरी, पथरिया, सापौन, सागर आदि अनेकों स्थानों के हजारों श्रावक उपस्थित रहे। **-डॉ. सुनील जैन संचय**

## आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ का मुंबई की पावन धरा पर मंगल प्रवेश : मुनी श्री सिद्धसागर जी



**महाराष्ट्र राज्य की राजधानी महानगरी मुंबई होगी विशुद्धमय**

**मुंबई ( विश्व परिवार )।** आचार्य भगवन विशुद्धसागर महाराज जी के परम शिष्य श्रमण मुनी श्री सिद्ध सागर महाराज जी ने कहा की 19 फरवरी से आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी का मंगल विहार मुंबई के अनेक स्थानों पर होगा। आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर जी महाराज सहित 25 मुनीराजों का भीषण गर्मी में पंढरपूर से मुंबई कि ओर विहार शुरु हुआ था। जैन मुनि पद विहार करते हैं। जैन मुनि अहिंसा व्रत का पालन करते हैं। जैन मुनि, भीषण गर्मी में भी नंगे पैर लंबी-लंबी यात्राएं पैदल करते हैं। जैन मुनि, परिग्रह त्याग करते है।

आचार्य भगवन श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ का शिरसाड मुंबई पंचकल्याणक के लिए विहार शुरु है। मुंबई शिरसाड में 28 फरवरी 2025 से 5 मार्च 2025 तक पंचकल्याणक है। आचार्य श्री विशुद्धसागर जी संसघ का मुम्बई प्रवास का प्रोग्राम इस प्रकार है - 18/02/25 का रात्रि विश्राम धर्मनाथ जैन मंदिर जी चोक में हुआ।19/02/25 की आहार चर्या आयुष रिसोर्ट जैन मंदिर शेडूंग से सम्पन्न हुई।

19/02/25 की शाम को भव्य मंगल प्रवेश पनवेल में हुआ। 20/02/25 की आहार चर्या दिगम्बर जैन मंदिर, खारघर नवी मुंबई से सम्पन्न होगी। 20/02/25 रात्रि विश्राम वाशी, 21/02/25 आहार चर्या ऐरोली, 21/02/23 रात्रि विश्राम कांजुर मार्ग, 22/02/23 आहार चर्या साकीनाका, 23/02/25 आहार चर्या गोरेगांव, 23/02/25 रात्रि विश्राम मलाड, 24/02/25 आहार चर्या मलाड, 24/02/25 रात्रि विश्राम बोरीबली, 25/02/25 आहार चर्या बोरीवली, 25/02/25 रात्रि विश्राम बोरिवली, 26/02/25 आहार चर्या भयन्दर, 28/02/25 को सुबह भव्य मंगल प्रवेश पंचकल्याणक महोत्सव ओर दीक्षा स्थली सिरसाड़ मुम्बई में होगा। नमोस्तु शासन जयवंत हो।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## पंचकल्याणक महोत्सव में मुनिश्री ऋषभ सागर जी महाराज की आहारचार्य में नमोस्तु के उच्चारण से गूंजी अयोध्या नगरी

**आत्मा के स्वभाव में स्थिर होने का नाम ही आत्म धर्म है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज**

**भव्य गज रथ फेरी के साथ होगा पंचकल्याणक महोत्सव का समापन**



**भोपाल ( विश्व परिवार )।** भोपाल टीटी नगर पंच कल्याणक महोत्सव में ज्ञान कल्याणक की आराधना के साथ धार्मिक क्रियाओं में मौजूद जन समूह द्वारा अनुमोदना की गई, मुनि प्रमाण सागर महाराज मुनि निर्वेग सागर मुनि संधान सागर महाराज के सा संघ सानिध्य में भगवान जिनेंद्र की पूजा अर्चना के साथ केवल्य ज्ञान की विशेष क्रिया मंत्र आराधना के साथ विधि विधान से अशोक भैया अभय भैया सुमत भैया के निर्देशन हुई, मुनि श्री के मुखार विंद से सूर्य मंत्र दिया गया, मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया मुनि आदि सागर महाराज की आहार चर्या में हजारों श्रद्धालुओं ने पढ़गाहन किया, संपूर्ण अयोध्या नगरी हे स्वामीनमोस्तु हे स्वामी नमोस्तु स्वामी नमोस्तु के स्वर से गुंज रही थी, राजा शोम राजा श्रेयांश बने श्रावक को नवधा भक्ति मुनि श्री की आहार चर्या कराने का सौभाग्य मिला। पंचकल्याणक मंच पर भव्य समोसारण की रचना हुई जिस पर विराजमान होकर मुनि संघ ने आशीष वचन दिए मुनिश्री ने कहा समता भाव और समान भाव को धारण करने वाला ही मोक्ष की प्रथम श्रेणी चल पाता है आत्म कल्याण की भावना तो सभी बातें हैं पर आत्म कल्याण वही कर पता है जो स्वयं आत्मा से संतुष्ट है और जो स्वयं अपनी आत्मा को अपने परिणाम को भावों से निर्मल बनाए रखे हुए हैं।

## अयोध्या में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिया गया आमंत्रण



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** अयोध्या में जैन समाज के विशेष धार्मिक आयोजन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन 2 मार्च से 6 मार्च 2025 तक होने जा रहा है। यह आयोजन जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख आर्यिकाशिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी के सान्निध्य में संपन्न होगा।

श्री दिगंबर जैन अयोध्या तीर्थक्षेत्र कमेटी के प्रतिनिधियों ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला से भेंट कर उन्हें इस महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। आयोजकों ने अनुरोध किया कि श्री बिरला 2 मार्च को दोपहर 2 बजे इस भव्य महोत्सव का उद्घाटन करें या फिर 2 से 6 मार्च के बीच अपनी सुविधानुसार इस आयोजन में सम्मिलित होकर समाज को अनुग्रहित करें।

ज्ञात हो कि अयोध्या न केवल भगवान श्रीराम की जन्मभूमि है, बल्कि यह जैन धर्म का भी प्रमुख तीर्थस्थल है। यहां प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव सहित पाँच तीर्थंकरों का जन्म हुआ था। इस अवसर पर रायगंज मोहल्ला परिसर में भव्य जिनमंदिरों के नवनिर्माण का कार्य भी पूर्ण हुआ है, जिसे पूज्य माताजी के आशीर्वाद से संपन्न किया गया है।

इस आयोजन के दौरान दिगंबर जैन समाज फागी के मंत्री वीरेंद्र जैन, जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन चप्पलमन, जिला संयोजक कोटा पारस जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। **-उदयभान जैन जयपुर**

## जैन समाज ने किया अर्हं ध्यान योग का भव्य आयोजन : तनावमुक्त जीवन जीने के लिए योग आवश्यक है : माताजी

**अर्हं ध्यान योग विश्व शांति और सद्भाव का सन्देश देता है**

**कल एक दिन के लिए और बढ़ाया अर्हं ध्यान योग : विजय धुर्रा**

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** हजारों वर्ष पूर्व रिषि मनिषियो ने जंगल की कंदराओं में बैठ कर आपको सुखी बनाने के कुछ सूत्रों को लिपिबद्ध कर योग और ध्यान को हम सब तक पहुंचाने का परम उपकार किया है संतों ने ध्यान के माध्यम से आत्मा से परमात्मा के रास्ते को जानकर उनके सूत्रों की व्यवस्था की है शुद्दोपयोग शुभुपग्यो शुभ योग और फिर कुछ नहीं तो योग के लिए ही कुछ गाथाओं को लिखकर रख दिया जिससे की आप जैसे लोग जो इस पंचम काल में होंगे जो ना शुद्धोपग्यो समझेंगे ना ही शुभुपग्यो को जानेंगे और तो और शुभयोग के लिए भी कटिबंध नहीं मिलेंगे तव इनको योग के द्वारा जीवन को खुशहाल वनने की कला हमारे आचार्य भगवंत ने लिख दी उक्त आश्य के उद्गार आर्यिका श्री प्रशममति माताजी ने अर्हं ध्यान योग समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।



समारोह का संचालन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि रिषि मनिषियो की द्वारा दिया गया ज्ञान शास्त्रों में ही शिमिट गया इसे हमारे परम पूज्य मुनि श्री प्रण्यम सागर जी महाराज इस विधा को आगे बढ़ा रहे हैं हमारा सौभाग्य है कि हमें परम पूज्य आर्यिका रत्न श्री प्रशममति माताजी ससंघ के सान्निध्य का सौभाग्य मिला और हमें पता चला कि माता जी परम पूज्य मुनि श्री प्रण्यम सागर जी महाराज द्वारा किए जा रहे अर्हं योग को बहुत अच्छी तरह से करती है तो हमारे अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई संयोजक उमेश सिघई और पूरी कमेटी के निवेदन पर आज हमारे यहां पहली बार अर्हं योग हो रहा है मेरा निवेदन है कि इसको तीन दिन तक चलायेंगे तो जैन जैनेतर व शहर वासियों को अर्हं योग का लाभ मिलेगा परम पूज्य माता जी ने एक दिन और कल प्रात: काल की वेला में भी हमें अर्हं योग करने का सौभाग्य परम पूज्य माता जी के सान्निध्य में मिलेगा।

समारोह के प्रारंभ में जवलपुर से पधारी योगाचार्य वहन श्री साक्षी अतरापा जी ने कहा कि अर्हं ध्यान योग 'ध्यान योग' के माध्यम से शरीर को स्वस्थ और मन को पवित्र बनाकर आत्मिक शान्ति का अनुभव कराकर 'विश्व-शान्ति' की ओर अग्रसर है। परम पूज्य मुनि श्री प्रण्यम सागर जी महाराज (अर्हं श्री) द्वारा रचित अर्हं अष्टांग योग शतक में ध्यान की महिमा बताते हुए लिखा है-फलं तात्कालिकं वा स्यात, तथा त्रैकालिकं मतम्। ध्यान से शारीरिक स्वस्थता, चित्त शान्ति जैसे तात्कालिक लाभ भी मिलते हैं और त्रैकालिक फल भी मिलते हैं। ध्यान से हमारे हर काम की सिद्धि होती है। ध्यान से प्राप्त आंतरिक शांति हमें समाज के लिए एक बेहतर और संवेदनशील प्राणी बनाती है।

**-विजय धुर्रा**

## श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी के प्रथम वार्षिक समारोह "DU Ignite" का भव्य आयोजन




**नवा रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी ने अपने पहले वार्षिक समारोह "DU Ignite" का भव्य आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, कला और संस्कृति का अद्भुत समागम देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव कुमार श्वेताभ द्वारा यूनिवर्सिटी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। इसके बाद डायरेक्टर जनरल डॉ. चार्मी दावड़ा ने छात्रों और स्टाफ द्वारा पिछले वर्ष में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बी.ए. के छात्र राहुल, जिन्होंने 400 मीटर दौड़ में स्टेट लेवल पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, का उल्लेख किया। इसके अलावा, उन्होंने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत प्लेस हुए छात्रों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मिसेज वर्ल्ड डॉ. अदिति गोवित्रिकर ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश दिया। विशेष अतिथियों में अमृता कुशवाहा, रीतिका यादव, दिलीप कुमार और पूजा साहू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों, मीडिया कर्मियों, सोशल मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तित्वों एवं यूनिवर्सिटी में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। यह सम्मान डॉ. अदिति गोवित्रिकर एवं डॉ. चार्मी दावड़ा द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने उनके योगदान की सराहना की।

## दिव्यांगों के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा स्टेशनों पर अनेक दिव्यांग फ्रेंडली यात्री सुविधाएं

**प्लेटफार्म, ट्रेनों व रेल परिसर में दिव्यांग फ्रेंडली सुविधाओं के लिए निरन्तर प्रयासरत**

**दिव्यांग यात्रियों को रियायती यात्रा टिकट की सुविधा के लिए दिव्यांग कार्ड की ऑनलाइन सुविधा**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेल यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं संरक्षित रेल परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर रेल मंडल ने बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए निरन्तर कार्यरत है। सभी स्टेशनों पर मापदंड के अनुसार अधिक से अधिक यात्री सुविधाएँ प्रदान की जा रही है। दिव्यांगजनों के प्रति अपने सामाजिक दायित्व तथा कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशनों एवं ट्रेनों में अनेक दिव्यांग फ्रेंडली यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। दिव्यांग यात्री बिना किसी अन्य के सहयोग के अपनी जरूरतों के सभी काम आत्मनिर्भरता पूर्वक स्वयं कर सके इसके लिए रेलवे स्टेशनों में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए दिव्यांग फ्रेंडली यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। स्टेशनों एवं ट्रेनों में दिव्यांगजनों को मिलने वाली यात्री सुविधाओं की वजह से दिव्यांग रेल यात्रियों की संख्या में भी दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है।

दिव्यांग यात्रियों को रियायती यात्रा टिकट की सुविधा के लिए दिव्यांग कार्ड बनाने की प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है आवेदक अपना आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से httpsÑ//divyangjanid.indianrail.gov.in/ के आधिकारिक पेज पर मांगी गई जानकारी जैसे दिव्यांगजन का नाम पिता का नाम जन्म तिथि डॉक्टर का नाम रजिस्ट्रेशन नंबर इत्यादि पूर्ण डाटा भरकर दिव्यांगजन के संबंधित सभी दस्तावेजों को स्वयं प्रमाणित कर अपलोड करना है जैसे एड्रेस प्रूफ, कंसेशन सर्टिफिकेट, डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट, जन्म प्रमाण पत्र पहचान पत्र इत्यादि, उपरोक्त साइट पर दस्तावेज अपलोड होने के बाद उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर संबंधित सूचनाएँ प्राप्त होती है एवं सभी प्रक्रिया पूर्ण होने पर कार्ड बनने की सूचना प्राप्त होने पर दिव्यांगजन अपना कार्ड प्रिंट कर सकते हैं। कंसेशन सर्टिफिकेट का नया प्रारूप 01 फरवरी, 2025 से आया है जिसमे दृष्टि बाधित एवं अन्य दिव्यांगजन के लिए नया प्रारूप उपरोक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर जिला चिकित्सालय से प्रमाणित करवाकर दिव्यांगजन साईट पर अपलोड किया जा सकता है। दिव्यांग जनों के ऑनलाइन कार्ड की सुविधा होने से दिव्यांग जनों को रेलवे कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं होती इससे उनके समय की बचत एवं आने-जाने में होने वाली असुविधा से राहत मिलती है। ऑनलाइन रियायती यात्रा टिकट प्राप्त कर सकेगें। रायपुर रेल मंडल में दिव्यांग जनों के लिए 01 नवम्बर, 2024 से अब तक ऑनलाइन 97 दिव्यांग कार्ड जारी किए जा चुके हैं। एवं पूर्व में जारी किये गए कार्ड उनकी वैध्यता तक मान्य रहेंगे उसके पश्चात् वे ऑनलाइन में आवेदन कर सकते है रायपुर रेल मंडल में दिव्यांगजनों को रियायती यात्रा टिकट की सुविधा के लिए 3014 दिव्यांग कार्ड जारी किये गए है।

## संक्षिप्त समाचार

### बस्तर राजमहल से 135 साल बाद निकलेगी बारात, 100 राजघराने बनेंगे बाराती



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर राजमहल से 135 वर्ष बाद बारात निकलने जा रही है और इसमें देश भर के 100 से अधिक राजघराने बाराती बनेंगे। राजमहल में पिछली शादी वर्ष 1923 में महारानी प्रफुल्ल कुमारी देवी की हुई थी, पर तब बारात नहीं निकली थी। अंतिम बार 1890 में राजा रुद्रप्रताप देव की बारात यहां से निकली थी। पांच पीढ़ियों के बाद अब 20 फरवरी को बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव की शादी हो रही है। इस समारोह में देश-भर के 100 राजघराने शामिल हो रहे हैं। 135 वर्ष बाद बस्तर राजपरिवार की कुलदेवी बस्तर की आराध्या मां दंतेश्वरी भी बाराती बनकर नागौद जाएंगी। दंतेवाड़ा से मां दंतेश्वरी का छत्र और छड़ी विवाह समारोह में सम्मिलित होने मंगलवार की शाम जगदलपुर पहुंच चुका है। 45 वर्षीय कमलचंद्र का विवाह सतना मध्य प्रदेश के किला नागौद के महाराजा शिवेंद्र प्रताप सिंह की पुत्री भुवनेश्वरी कुमारी के साथ 20 फरवरी को होने जा रहा है। बस्तर से इसके लिए दो चार्टड प्लेन मध्य प्रदेश के खजुराहो एयरपोर्ट तक के लिए बुक किए हैं। छोटे चार्टर्ड प्लेन में मां दंतेश्वरी के साथ कमलचंद्र भंजदेव व परिवार के सदस्य होगे। दूसरा चार्टर्ड प्लेन बारातियों को लेने ला जाने दो से तीन फेरे जाएगा। यहां बता दें कि राजा प्रवीरचंद्र का विवाह दिल्ली व इसके बाद राजा विजयचंद्र व भरतचंद्र का विवाह गुजरात में हुआ था। बस्तर राज परिवार के सदस्य कमलचंद्र भंजदेव ने बताया कि विवाह समारोह में सम्मिलित होने बहुत से रजवाड़ों के सदस्य आ रहे हैं। कई दशक बाद बस्तर राजमहल में विवाह हो रहा है, जिसमें देश भर से राजघराने के सदस्य व अतिथि आ रहे हैं। बस्तर की पहचान नक्सलवाद से हैं, और इस विवाह समारोह में जब देश भर के लोग यहां आएंगे तो उनकी धारणा बदलेगी। इनमें से कई बस्तर तो कई लोग सीधे नागौद किले आ रहे हैं। इनमें मध्यप्रदेश के सिंधिया राजघराने के सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया, राजस्थान के जयपुर राजघराने की सदस्य व उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी हैं। इसके साथ ही समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सरगुजा राजघराने के वंशज व पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मेवाड़ के महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह राणा, गुजरात के बड़ौदा राजघराने से गायकवाड़ परिवार, ओडिशा के पटनागढ़ राजघराने से उपमुख्यमंत्री कनकवर्धन सिंह, त्रिपुरा से विक्रम माणिक्यदेव, ओडिशा के मयूरभंज व गोहिल राजघराना सहित सौ से अधिक राज परिवार के सदस्य समारोह में सम्मिलित होंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन का दूसरा चरण 20 फरवरी को

**जिले के जनपद पंचायत सीतापुर एवं मैनपाट में होगा मतदान**

**कलेक्टर ने मैनपाट पहुंचकर मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लिया, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने दिए निर्देश**

**समाग्री वितरण एवं मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**



**अंबिकापुर(विश्व परिवार)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत जिले में मतदान का दूसरा चरण जनपद पंचायत सीतापुर एवं मैनपाट में 20 फरवरी को होना है। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं, सुबह 7 बजे जनपद मुख्यालय से मतदान दलों को समाग्री वितरण कर पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर ने जनपद पंचायत मैनपाट के मतदान सामग्री वितरण स्थल एवं विभिन्न मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दलों की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, वाहन व्यवस्था, मतदान केंद्र में पर्याप्त टेबल कुर्सी सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर समय पूर्व सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची और स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। गौरतलब है कि जनपद पंचायत मैनपाट क्षेत्र में दूसरे चरण में जिला पंचायत के लिए दो, जनपद के लिए 17, सरपंच के लिए 44 एवं 643 पंच के लिए पद हैं। मतदाताओं की संख्या 54396 है। जिसमें 27252 महिला, 27144 पुरुष मतदाता हैं। इसी तरह जनपद पंचायत सीतापुर में जिला पंचायत के लिए दो, जनपद के लिए 15, सरपंच के लिए 42 पद हैं एवं पंच पद 676 हैं। जनपद क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या कुल 67322 है। जिसमें 34503 महिला, 32818 पुरुष, एवं 01 अन्य मतदाता हैं। पंचायत निर्वाचन अंतर्गत दूसरे चरण के मतदान हेतु प्रातः 07 बजे से मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण कर पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा।

## आप भी जानिये कार्यक्रम के तहत कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण



**भिलाई (विश्व परिवार)।** मानव संसाधन विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय-समय पर आप भी जानिये कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी कड़ी में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र के कार्यक्षेत्र से रूबरू कराने के उद्देश्य से आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन विगत दिनों किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः मानव संसाधन विभाग में किया गया, जिसमें बार एवं रॉड विभाग के 19 कार्मिकों की पत्नियाँ शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (बीआरएम) श्री योगेश शास्त्री, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संदीप माथुर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन-वर्क्स) श्री एस के सोनी तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संजय द्विवेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात कार्मिकों की पत्नियों को संयंत्र भ्रमण कराया गया। संयंत्र भ्रमण के दौरान उन्होंने बार एवं रॉड मिल, मर्चेंट मिल, रेल मिल, ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया), एसएमएस-3 विभाग में उत्पादन प्रक्रिया को देखा। कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी महिलाओं ने इस प्रकार के आयोजन के लिए संयंत्र प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का आयोजन एच.आर.-मिल्स जोन-1 विभाग द्वारा किया गया।

## शहरी भूमि की सही पहचान के लिए नक्शा पायलट प्रोजेक्ट का वर्चुअल शुभारंभ

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मध्यप्रदेश के रायसेन में नेशनल सिटी सर्वे प्रोजेक्ट का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। शहरी भूमि की सही पहचान के लिए नक्शा एक वर्षीय पायलट प्रोजेक्ट के माध्यम से पूरे देश के 26 राज्यों और 03 केन्द्र शासित प्रदेश के 35 वर्ग किलोमीटर से कम क्षेत्रफल एवं 02 लाख से कम आबादी वाले 152 शहरों में उक्त सर्वेक्षण किया जाएगा। इस पायलट प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य व्यापक डिजिटल भूमि रिकॉर्ड सुनिश्चित करना है, जिससे शहरी भूमि रिकॉर्ड पूरी तरह से डिजिटाइज और जीआईएस मैप किए जाएंगे, जिससे सुलभ और पारदर्शी डेटा सुनिश्चित होगा। यह आपदा प्रबंधन, पर्यावरण योजना और स्मार्ट सिटी विकास में उपयोगी होगा। भूमि विवादों में कमी और कानूनी स्पष्टता के जरिए स्पष्ट और अद्यतन स्वामित्व रिकॉर्ड से विवाद कम होंगे, कानूनी प्रक्रियाएं तेज होंगी और संपत्ति अधिकार मजबूत होंगे। अदालती मामलों, कानूनी दस्तावेजीकरण और ऐतिहासिक भूमि डेटा विश्लेषण में सहायता मिलेगी। वहीं त्वरित और अधिक प्रभावी शहरी योजना बनाने में मदद मिलेगी। सटीक भूमि डेटा से बेहतर जोनिंग, बुनियादी ढांचें के विकास और शहरी विस्तार में न्यूनतम अवधि लगेगी। परिवहन योजना, आवासीय परियोजनाओं और सतत शहरी विकास में सहायता मिलेगी। आपदा प्रबंधन योजना को अधिक प्रभावी बनाएगा। प्रॉपर्टी टैक्स कलेक्शन में सुधार और शहरी निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। केंद्रीकृत डिजिटल कर प्रशासन प्रणाली से शहरी स्थानीय निकायों का राजस्व संग्रह बेहतर होगा और रियल एस्टेट वैल्यूएशन, नगरपालिका वित्त योजना और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार में सहायक होगा। संपत्ति लेनदेन और ऋण प्राप्ति को सरल बनाने हेतु प्रमाणित भूमि रिकॉर्ड से खरीद, बिक्री और पट्टे की प्रक्रिया तेज, सुरक्षित और धोखाधड़ी मुक्त होगी, जिससे ऋण स्वीकृति आसान होगी।

## कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के गरियाबंद एवं मैनपुर विकासखण्ड में प्रथम चरण का मतदान आज संपन्न हुआ। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने आज सुबह गरियाबंद विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम डोंगरीगांव, बिन्द्रानवागढ़ एवं धवलपुरडीह के मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण एवं अवलोकन किया तथा सभी मतदान अधिकारियों को सुव्यवस्थित ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदानकर्मियों द्वारा संपादित किये जा रहे निर्वाचन कार्यो का भी बारीकी से अवलोकन किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतदान अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्हें सफलतापूर्वक मतदान कराने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान के लिए विकसित की गई सुविधाओं तथा मतदाताओं की सुविधाओं के लिए पानी, छाया एवं बैठक व्यवस्था आदि का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान करने के लिए आये हुए मतदाताओं से चर्चा कर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की।

## भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में 'मिशन लक्ष्मी' के तहत महिला सफाई कर्मचारियों के लिए शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई(विश्व परिवार)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा संयुक्त रूप से भिलाई नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों के लिए 'मिशन लक्ष्मी' के अंतर्गत एक व्यापक निःशुल्क शैक्षणिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय में 17 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य भिलाई नगर निगम की महिला सफाई कर्मचारियों को निःशुल्क स्त्री रोग निदान, स्वास्थ्य परीक्षण और शैक्षणिक जानकारी प्रदान करना था। शिविर में, पंडित जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के चिकित्सा परामर्शदाताओं द्वारा महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण, रक्त में हीमोग्लोबिन, शुगर की मात्रा की जांच और पेप स्मेअर की जांच की गई। इस दौरान बीएसपी-सीएसआर के अधिकारीगण भी मौजूद थे। शिविर के दौरान एनीमिया, स्त्री रोग और कैंसर संबंधित विषयों पर शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सक टीम ने महिला सफाई कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों और स्वास्थ्य व टीकाकरण संबंधित शंकाओं का समाधान किया। इस कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी के साथ अन्य गतिविधियाँ भी शामिल की गईं। इस पूरे अभियान के दौरान एक क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें 20 विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भिलाई नगर निगम की 65 महिला सफाई कर्मचारियों का नामांकन और परीक्षण किया गया, तथा 30 महिलाओं की पेप स्मेअर जांच की गई। साथ ही उन्हें शीतल जल और स्वल्पाहार प्रदान किया गया। 'मिशन लक्ष्मी' योजना, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग और सीएसआर विभाग द्वारा महिला कर्मियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। 'मिशन लक्ष्मी' के तहत इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं, युवतियों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और उनका निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करना है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को मुफ्त स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, आयरन, फोलिक एसिड, एल्बेंडाजोल टैबलेट्स का वितरण, रक्त हीमोग्लोबिन स्तर परीक्षण, पैप स्मीयर जैसी नैदानिक सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

# गरियाबंद में महाकाल की भव्य सवारी, भक्तिमय माहौल में गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे








**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** इस महाशिवरात्रि, 26 फरवरी को गरियाबंद में बाबा महाकाल की भव्य सवारी निकलेगी, जो श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम होगी। बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में दोपहर 3 बजे भूतेश्वरनाथ महादेव से पालकी यात्रा का शुभारंभ होगा। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिससे पूरा नगर शिवमय हो उठेगा।

**विशेष आकर्षण:** इस वर्ष सवारी को और भव्य बनाने के लिए दुर्ग का प्रसिद्ध दुलेरिया अघोरी ग्रुप अपनी विशेष प्रस्तुति देगा। इसके साथ ही, भक्ति और जोश को नई ऊंचाई देने के लिए डीजे आदित्य अपनी संगीतमय प्रस्तुति से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर देगा।

बाबा महाकाल की पालकी इस बार उज्जैन की महाकाल सवारी की तर्ज पर निकाली जाएगी। आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए बाउंसरों की तैनाती की जाएगी, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से यात्रा का आनंद ले सकें। पिछले वर्ष इस भव्य आयोजन को देखकर श्रद्धालुओं ने इसे 卐गरियाबंद में उज्जैन की झलक卐 बताया था।

**नगरवासियों में उत्साह, शिवभक्ति में डूबेगा पूरा शहर :** इस आयोजन को लेकर पूरे नगर में उत्साह चरम पर है। नगर के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु इस दिव्य यात्रा में सम्मिलित होंगे और बाबा की पालकी पर फूलों की वर्षा करेंगे। हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से पूरा गरियाबंद गूंज उठेगा।

बोल बम सेवा समिति के सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने में पूरी मेहनत कर रहे हैं। नगरवासियों को सवारी में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक भक्त इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन सकें।

**बोल बम सेवा समिति के सदस्य :** अभिषेक तिवारी सानू, निकेश सिन्हा, यश मिश्रा, नमन सेन, मानव निर्मलकर, दानेंद्र चौहान, संदीप तिवारी, जय पटेल, प्रांजल साहू, आशीष सिन्हा, आशीष देवांशी, शुभम देवांशी, धैर्य दासवानी, वंस दासवानी, अंकित देवांगन, प्रशांत राठौर, ओंकार सोनी, अमन सारवा, रोमी सिन्हा, रोहन सिन्हा, अनुराग सोनी, पीयूष सिन्हा, विकास यदु, श्रेयांश सोनी, नमन सिन्हा, पंकज पाटिल, राहुल देवांगन, अजय राठौर एवं समस्त बोल बम सेवा समिति के सदस्यगण।

## व्यापार समाचार

## होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 शाइन 125 लॉन्च की 'नये इंडिया की अमेज़िंग शाइन'

**रायपुरः** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज OBD2B मानकों के अनुरूप नई शाइन 125 को लॉन्च करने की घोषणा की। इसे नए रंगों और एडवांस फीचर्स के साथ अपडेट किया गया है, ताकि राइडर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिल सके। 2025 होंडा शाइन 125 की कीमत (एक्स-शोरूम, दिल्ली) 84,493 रूपए से शुरू होती है। नई शाइन 125 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया केप्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, हमें OBD2B-कम्प्लाएंट शाइन (compliant Shine) 125 लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। वर्ष 2006 में लॉन्च होने के बाद से ही शाइन अपने सेगमेंट की सबसे पसंदीदा मोटरसाइकल बनी हुई है और लाखों भारतीय ग्राहकों का भरोसा जीत चुकी है। बीते वर्षों में इसने परफॉर्मेंस, कंफर्ट और भरोसेमंद सफर के नए मानक स्थापित किए हैं। हमें नई शाइन 125 को उन्नत फीचर्स के साथ पेश करते हुए गर्व हो रहा है। ये नए फीचर्स इसे और ज्यादा उपयोगी और आकर्षक बनाएंगे, जिससे यह आज के राइडर्स की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरेगी। इस लॉन्च पर बोलते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया केडायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग श्री योगेश माथुर ने कहा, नई शाइन 125 को लॉन्च करना हमारे लिए खुशी की बात है। यह मोटरसाइकल 125ष्ष सेगमेंट में लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। अब OBD2B-कम्प्लाएंट (compliant) इंजन और कई नए एडवांस फीचर्स के साथ यह भारतीय ग्राहकों के लिए और भी सुविधाजनक हो गई है। शाइन 125 अब पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और यूएसबी सी -टाइप चार्जिंग पोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस है। हमें पूरा विश्वास है कि 'नए इंडिया की अमेजिंग शाइन' ग्राहकों को जरूर पसंद आएगी और बाजार में अपनी मजबूत पहचान को और आगे बढ़ाएगी।

## इनकम टैक्स ऐसी संपत्ति और आय छिपाने पर लगाएगा 10 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इनकमट टैक्स डिपार्टमेंट ने चेतावनी दी है कि इनकमट टैक्स रिटर्न में विदेश में स्थित संपत्ति या विदेश में अर्जित आय का खुलासा न करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है. एंटी ब्लैक मनी लॉ के तहत 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है. आयकर विभाग ने अनुपालन-सह-जागरूकता अभियान के तहत करदाताओं के लिए सार्वजनिक परामर्श पत्र जारी किया है. इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि करदाता इस साल आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) में ऐसी जानकारी दर्ज करें और किसी भी तरह की जानकारी न छिपाएं. कंसल्टेंसी लेटर में स्पष्ट किया गया है कि भारत के कर निवासी के लिए पिछले साल कुछ महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखना जरूरी है. इसके तहत अगर वे टैक्स से जुड़ी किसी गतिविधि में शामिल रहे हैं तो भारत में उन पर टैक्स देनदारी बनेगी और इसे आईटीआर में शामिल करना जरूरी है। विदेशी परिसंपत्तियों में बैंक खाता, नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिक अनुबंध, किसी इकाई या व्यवसाय में वित्तीय हित, अचल संपत्ति, इक्विटी और लोन हित, ट्रस्ट जिसमें व्यक्ति ट्रस्टी है, सेटलर का लाभार्थी, हस्ताक्षर प्राधिकार वाले खाते, संरक्षक खाता, विदेश में रखी गई कोई पूंजीगत लाभ वाली परिसंपत्ति आदि शामिल हैं. सीबीडीटी ने कहा था कि अभियान के तहत वह सबसे पहले उन निवासी करदाताओं को एसएमएस और ईमेल भेजेगा, जिन्होंने आकलन वर्ष 2024-25 के लिए अपना आईटीआर पहले ही दाखिल कर दिया है. यह ऐसे करदाताओं को भेजा जाएगा, जिनकी पहचान द्विपक्षीय और बहुपक्षीय समझौतों के तहत प्राप्त सूचनाओं के जरिए की गई है.

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के दौरान विभिन्न स्थानों पर सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

**मुंबईः** एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है। ऐसे में पशु और मवेशी ग्रामीणों के लिए आजीविका और उनके आर्थिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री शांतनु मित्रा, चीफ़एक्ज़क्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं। हमारा उद्देश्य सही उत्पादों एवं वित्तीय समाधानों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना है।' मैं हमारे हर कर्मचारी को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# स्टेसी-एन ने स्मृति मंधाना की शानदार पारी को सराहा

**वडोदरा( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज की पूर्व क्रिकेटर स्टेसी-एन किंग ने डब्ल्यूपीएल 2025 के मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने एक सच्चे कप्तान की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। स्मृति ने 47 गेंदों पर 81 रनों की पारी खेली, जो डब्ल्यूपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर है, जिसकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में अपना अजेय क्रम जारी रखा। स्मृति ने बेहतरीन स्ट्रोकप्ले का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने शानदार टाइमिंग के साथ-साथ शॉट्स को बेहतरीन तरीके से लगाया



और 172.34 की स्ट्राइक रेट से अपनी पारी में दस चौके और तीन छक्के लगाए। स्टेसी-एन जियोहॉटस्टार ने कहा, आज रात वह बेहतरीन थी। जिस तरह से उसने अपने शॉट्स को संभाला और निष्पादित किया वह असाधारण था। हमने लेग साइड पर कई शॉट देखे, लेकिन ऑफ साइड में उसका शानदार प्रदर्शन वाकई उल्लेखनीय था। उसने सटीकता के साथ फील्ड में जगह बनाई, जब जरूरत पड़ी तो ऊपर और ऊपर गई। पिछले मैच में चूकने के बाद, उसने आज अपनी गलती सुधारी और एक सच्चे कप्तान की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम ने आरसीबी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141 रन पर आउट कर दिया, उसके बाद स्मृति और डैनी व्हाइट-हॉज ने पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने आरसीबी के शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा, जब रेणुका सिंह ने शेफाली वर्मा को आउट किया, तब से ही आरसीबी ने खेल पर नियंत्रण कर लिया। उस पल से स्मृति मंधाना ने एक भी कदम गलत नहीं किया। उन्होंने जो भी गेंदबाजी परिवर्तन किया, उसका नतीजा सफलता के रूप में सामने आया। जिस तरह से उन्होंने डैनी व्हाइट के साथ मिलकर पारी की अगुआई की, उसने उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के लिए एक मजबूत नींव रखी। मिताली ने डैनी व्हाइट-हॉज की 42 रनों की पारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, शुरुआत में वह थोड़ी अनिश्चित थीं, लेकिन एक बार जब उन्होंने कुछ रन बना लिए, तो वह जम गईं। जिस तरह से उन्होंने अपना बल्ला उठाया और रन बटोरे, उससे उनकी क्लास का पता चलता है। जैसे-जैसे पारी आगे बढ़ी, वह और अधिक दृढ़ निश्चय के साथ खेलीं, विपक्ष की हर चाल और बदलाव के साथ तालमेल बिठाती गईं। उनका आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया और उन्होंने अपने सामने आए हर मौके का पूरा फायदा उठाया। दिल्ली कैपिटल्स के प्रदर्शन और उनकी कमियों का विश्लेषण करते हुए स्टेसी-एन ने कहा, मुझे लगता है कि वे अपने लक्ष्य के अनुरूप स्कोर नहीं बना पाए, मुख्य रूप से महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट खोने के कारण। हालांकि उनके पास कुछ बड़े ओवर थे, लेकिन वे अपने स्कोरिंग अवसरों का अधिकतम लाभ नहीं उठा पाए। महत्वपूर्ण मौकों पर महत्वपूर्ण विकेट खोने से उनकी गति बाधित हुई, जिससे उनकी रन गति और मजबूत साझेदारी बनाने की उनकी क्षमता दोनों प्रभावित हुई।

## सिनर के डोपिंग प्रतिबंध में अधिकांश खिलाड़ियों को पक्षपात महसूस होता है: जोकोविच

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सर्बियाई टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दावा किया है कि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर के तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के मामले में पूरी प्रक्रिया को संभालने के तरीके से अधिकांश खिलाड़ी खुश नहीं हैं। सिनर ने विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के साथ समझौता कर लिया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। वाडा ने स्वीकार किया है कि सिनर का धोखा देने का कोई इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से उसका प्रदर्शन-बढ़ाने वाला कोई लाभ नहीं हुआ और यह उसके साथियों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ। जोकोविच ने दावा किया कि अधिकांश खिलाड़ियों का मानना है कि सिनर के साथ तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध में पक्षपात किया गया। द गार्जियन ने जोकोविच के हवाले से कहा, मैंने लॉकर रूम में जिन खिलाड़ियों से बात की है, उनमें से ज़्यादातर खिलाड़ी इस पूरी प्रक्रिया से खुश नहीं हैं, न सिर्फ़ पिछले कुछ दिनों में बल्कि पिछले कुछ महीनों में भी ज़्यादातर खिलाड़ियों को यह उचित नहीं लगता। ज़्यादातर खिलाड़ियों को लगता है कि पक्षपात हो रहा है। ऐसा लगता है कि अगर आप एक शीर्ष खिलाड़ी हैं और अगर आपके पास शीर्ष वकील तक पहुंच है, तो आप परिणाम को लगभग प्रभावित कर सकते हैं। सिनर से जुड़ा मामला टेनिस में दो प्रमुख घटनाओं में से पहला था जो तेज़ी से एक के बाद एक हुईं। नवंबर में, महिला टेनिस में दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक को एनजाइना के लिए निर्धारित दवा ट्राइमेटाज़िडीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने का निलंबन मिला। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने स्वीकार किया कि सकारात्मक परिणाम स्वीयाटेक द्वारा जेट लैग को कम करने के लिए इस्तेमाल की जा रही दवा के संदूषण के कारण था। इसके विपरीत, पूर्व विश्व नंबर 1 सिमोना हालेप को सकारात्मक परीक्षण के बाद 2022 में आईटीआईए से चार साल का प्रतिबंध मिला, हालांकि बाद में इस दंड को घटाकर नौ महीने कर दिया गया।

## एसबीआई की जननिवेश एसआईपी में करिए सिर्फ 250 रुपये से निवेश, होगा बंपर लाभ

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एसबीआई एमएफ ने एसबीआई जननिवेश एसआईपी नामक एक नई वेल्थ क्रिएशन प्लान शुरू की. भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से एसबीआई म्यूचुअल फंड ने सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में एसबीआई जननिवेश एसआईपी शुरू किया. एसबीआई और एसबीआई म्यूचुअल फंड ने संयुक्त बयान में कहा कि एसआईपी योजना का उद्देश्य म्यूचुअल फंड को व्यापक लोगों तक पहुंचाना है. सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने कहा कि यह देखना अद्भुत है कि पूरा इकोसिस्टम एक साथ आ गया है. बुच ने कहा कि इस तरह के कम लागत वाले निवेशों से लाखों भारतीय परिवारों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है. एसबीआई जननिवेश एसआईपी पर टिप्पणी करते हुए बुच ने कहा यह प्रति माह 3 डॉलर के निवेश जैसा है. जननिवेश एसआईपी मात्र 250 रुपये से शुरू होने वाले लचीले एसआईपी विकल्प देता है, जिसमें दैनिक, साप्ताहिक और मासिक निवेश योजनाएं शामिल हैं. यह कम प्रवेश सीमा व्यक्तियों के लिए अपनी निवेश यात्रा शुरू करना आसान बनाती है. यह सुविधा एसबीआई योनो प्लेटफॉर्म और पेटीएम, ग्रो और जीरोधा जैसे अन्य फिनटेक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी. इससे यह सुनिश्चित होगा कि निवेशक परिचित डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से अपने निवेश तक आसानी से पहुंच और प्रबंधन कर सकें. जननिवेश एसआईपी को लागत प्रभावी बनाने, टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने और सभी हितधारकों को लाभ पहुंचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है.

# भारत की जीडीपी वृद्धि 2024-25 की तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** बैंक ऑफ बड़ौदा की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जीडीपी 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जो 2023-24 की इसी तिमाही के 8.6 प्रतिशत आंकड़े से धीमी है। हालांकि, जीडीपी कृषि, सरकारी खर्च और सेवाओं के समर्थन से मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि आर्थिक स्थिरता का एक प्रमुख चालक सरकार के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में वृद्धि है, जबकि वित्तीय क्षेत्र और ग्रामीण मांग में लचीलापन बना हुआ है। इसमें कहा गया है कि सरकार का पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 47.7 प्रतिशत हो गया है ( वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के 24.4 प्रतिशत से ऊपर) जिसके कारण राजमार्गों, बंदरगाहों और रेलवे जैसे क्षेत्रों में निर्माण गतिविधि में वृद्धि हुई है। इसके




परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में अधिक नौकरियां और आय पैदा हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्तीय क्षेत्र उच्च ऋण और जमा वृद्धि के साथ सकारात्मक बना हुआ है, जबकि ग्रामीण मांग में सुधार हो रहा है, जो ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बढ़ती बिक्री से प्रदर्शित होता है। तीसरी तिमाही के दौरान कृषि विकास दर बढ़कर 4.5 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 0.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, यह सुधार बेहतर खाद्यान्न उत्पादन और मजबूत रबी रकबे के कारण है। रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए सेवा क्षेत्र में समग्र वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 7.1 प्रतिशत से थोड़ा ही कम है। व्यापार और आतिथ्य क्षेत्र में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसे अनुभव अर्थव्यवस्था का समर्थन प्राप्त है, जबकि वित्तीय क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक विकास में नरमी आ रही है, जिसका कारण उच्च आधार प्रभाव है। इसमें औद्योगिक विकास में नरमी आने की उम्मीद है, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 10.2 प्रतिशत से कम होकर 5.9 प्रतिशत हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि के 11.5 प्रतिशत से धीमी होकर 6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो कि उच्च आधार प्रभाव और कम कॉर्पोरेट आय (विशेष रूप से कच्चे तेल, इस्पात और ऑटो क्षेत्रों में) से प्रभावित है। खनन क्षेत्र की वृद्धि दर भी एक साल पहले की अवधि के 7.5 प्रतिशत से घटकर 3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता से होने वाले नकारात्मक जोखिम पर भी प्रकाश डाला गया है।

## सपाट पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 76 अंक उछला, निफ्टी 22,963 पर

**मुंबई( एजेंसी )।** कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 76 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 76,073.71 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 22,963.65 पर खुला. आज के कारोबार के दौरान ऊनो मिंडा, दीपक फर्टिलाइजर्स एंड पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन, एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज, जीएमआर एयरपोर्ट्स, ऑलकार्गो टर्मिनल्स, सुरक्षा डायग्नोस्टिक, अनंत राज, कर्नाटक बैंक, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टीफायर्स इंडिया, विकास लाइफकेयर, अजाक्स इंजीनियरिंग, नाज़ारा टेक्नोलॉजीज और टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के शेयर फोकस में रहेंगे. अस्थिर सत्र में कारोबारी सप्ताह के पहले दिन शेयर बाजार ग्रीन जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 68 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 76,007.68 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 22,967.70 पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान निफ्टी पर बजाज फिनसर्व, अडानी एंटरप्राइजेज, पावर ग्रिड कॉर्प, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि एमएंडएम, भारती एयरटेल, विप्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंफोसिस के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे. बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.4 फीसदी की तेजी और स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.6 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई.

## बढ़ती मांग के बीच कैंब्रिज की चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार हुआ

**कैंब्रिज** - कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप द्वारा कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार किया जा रहा है। ये टेस्ट स्कूलों को प्राईमरी और लोअर सेकंडरी स्टूडेंट्स की लर्निंग की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लर्नर्स की परफॉर्मेंस का आकलन करने के लिए 101 देशों के 1600 से अधिक स्कूलों ने कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट्स का उपयोग किया। कैंब्रिज बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए मई और अक्टूबर के अलावा 2026 से मार्च में तीसरी टेस्ट सीरीज़ शुरू कर रहा है। कैंब्रिज हर सीरीज़ के लिए एक सप्ताह का टाईमटेबल भी पेश कर रहा है, और यह मई सीरीज़ की तारीखें स्कूलों की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है। कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट मैथमैटिक्स, इंग्लिश और साईंस में प्रगति का मूल्यांकन करते हैं। लर्नर कैंब्रिज प्राईमरी (10 से 11 साल) या लोअर सेकंडरी एजुकेशन (13 से 14 साल) के अंत में इन टेस्ट में बैठते हैं। कैंब्रिज परीक्षक इन टेस्ट की जाँच करते हैं और हर स्कूल को एक डायग्नोस्टिक फीडबैक रिपोर्ट प्रदान करते हैं, जो व्यक्ति और समूह की परफॉर्मेंस को मॉनिटर करने में मदद करती है। ये रिपोर्ट स्कूलों को लर्नर की जरूरतों के बारे में निर्णय लेने में समर्थ बनाती हैं और उन्हें यह समझने में मदद करती हैं कि दुनिया में स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूलों की तुलना में उनके लर्नर्स की परफॉर्मेंस कैसी है।

## मीशो ने भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मार्केटप्लेसेज़ में से एक का निर्माण किया: पहले साल 14.5 मिलियन यूज़र और 21,000 इन्फ्लुएंसर कंटेंट कॉमर्स को आगे बढ़ाएंगे

**रायपुरः** मीशो भारत के सबसे बड़े क्रिएटर मार्केटप्लेसेज़ में से एक का लॉन्च करके इन्फ्लुएंसर्स से प्रेरित शॉपिंग में परिवर्तन ला रहा है। अपनी कंटेंट कॉमर्स स्ट्रेट्जी के अंतर्गत इस प्लेटफॉर्म ने विस्तृत स्तर पर शॉपिंग का बेहतरीन और विस्तृत अनुभव प्रदान करने के लिए तीन महत्वपूर्ण पहलू पेश किए हैं: मीशो क्रिएटर क्लबः यह एक समर्पित इन-हाउस एफिलिएट प्रोग्राम है, जो टियर 2 और टियर 4 शहरों सहित सभी शहरों और सभी आकार के इन्फ्लुएंसर्स को सशक्त बनाता है और उन्हें रियल-टाईम परफॉर्मेंस एनालिटिक्स, तेज पेआउट, एवं प्रत्यक्ष सहयोग के अवसर प्रदान करता है। वीडियो फाईड्सः मीशो ऐप पर होस्ट होने वाले शॉर्ट और दिलचस्प प्रोडक्ट वीडियो यूज़र्स को रोचक कंटेंट की मदद से सुगमता से उत्पाद तलाशने और शॉपिंग करने में समर्थ बनाते हैं। इन वीडियो में दिखाए गए उत्पादों को क्लिक किया जा सकता है, ताकि यूज़र्स कंटेंट से बाहर जाए बिना तुरंत शॉपिंग कर सकें। लाईव शॉपः रियल-टाईम इंटरैक्टिव सत्र, जिनमें विक्रेता और इन्फ्लुएंसर उत्पादों का प्रदर्शन करते हैं, सवालों के जवाब देते हैं, और तुरंत सेल संभव बनाते हैं। मीशो क्रिएटर्स के साथ साझेदारी करके ईकॉमर्स में परिवर्तन ला रहा है। ये क्रिएटर प्रतिवर्ष खरीदारी करने वाले 187 मिलियन यूज़र्स की जीवनशैली से मेल खाते हैं।

## रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी लॉन्च किए

**नई दिल्लीः** रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने गर्व से रियलमी P3 सीरीज 5G पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3× 5G के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफ़ॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3× 5G की परफ़ॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिज़ाइन को भी आकर्षक बनाया गया है, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, हमें रियलमी P3 प्रो 5G और रियलमी P3× 5G पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूज़र-केंद्रित डिज़ाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025

## बालोद जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा के ग्राम पंचायत सूरेगांव में होगा पुर्नमतदान

**रायपुर (विसं)।** बालोद जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा में ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड-08 में प्रतीक आबंटन संबंधी त्रुटि हो जाने के कारण अभ्यर्थियों को गलत प्रतीक चिन्ह आबंटित हो गये। ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड-08 में दो अभ्यर्थी को आबंटित प्रतीक गलत हो जाने के कारण मतपत्र में उन्हें एक-दूसरे के प्रतीक मुद्रित हो गये। इस कारण से ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 के लिए पंच पद हेतु 17 फरवरी 2025 को संपन्न हुआ मतदान दूषित हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड-08 के पंच पद के लिए 17 फरवरी 2025 को हुए मतदान को शुन्य घोषित करते हुए मतदान की नई तारीख दिनांक 23 फरवरी 2025 निर्धारित की है।



## कैंसर मिथक और तथ्य : डॉ. सौरभ जैन का SRIP में जागरूकता और प्रारंभिक पहचान पर हुआ प्रोग्राम




**कुम्हारी ( विश्व परिवार )।** कैंसर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके रोकथाम एवं प्रारंभिक पहचान पर साक्षात्कार प्रदान करने हेतु 'कैंसर मिथक बनाम तथ्य-रोकथाम और प्रारंभिक पहचान का सत्य' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह प्रोग्राम डॉ. सौरभ जैन, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा प्रस्तुत किया गया।

डॉ. जैन ने इस प्रोग्राम में कैंसर की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम की महत्वता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नियमित स्क्रीनिंग जैसे कि मेमोग्राम, पैप स्मीयर और कोलोनोस्कोपी कैंसर का प्रारंभिक और अधिक उपचार योग्य चरण में पता लगाने में सहायक हो सकते हैं। इसके अलावा, कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेतों जैसे कि असामान्य गांठें, थकान, या अज्ञात वजन कम होने के मामलों में चिकित्सा सहायता लेने की सलाह दी गई। महिला और पुरुषों के लिए विशेष कैंसर और स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया। महिलाओं को नियमित रूप से स्तन और गर्भाशय के कैंसर की स्क्रीनिंग करने की सलाह दी गई, जबकि पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम से अवगत कराया गया। साथ ही, एचपीवी से संबंधित कैंसर के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा की गई और एचपीवी टीकाकरण की अहमियत बताई गई।

### प्रोग्राम ने मिथकों और तथ्यों को स्पष्ट रूप से समझाया

प्रोग्राम ने मिथकों और तथ्यों को स्पष्ट रूप से समझाया, जिससे उपस्थित लोगों को सचेत और सूचित स्वास्थ्य निर्णय लेने में मदद मिली। डॉ. जैन ने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि कैंसर के मिथक मानसिक दबाव, भय और चिंताओं को बढ़ा सकते हैं, जिससे लोग जरूरी स्क्रीनिंग से बचते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर का निदान हमेशा घातक नहीं होता और सही समय पर पहचान से जीवन को बचाया जा सकता है। इस प्रोग्राम की सराहना SRIP कुम्हारी कैंपस की डॉ. प्रीति गुर्नानी (निर्देशक) और डॉ. एस. प्रकाश राव (प्रधानाचार्य) ने की, जिन्होंने डॉ. सौरभ जैन के ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक प्रोग्राम की सराहना की और इसे कैंसर की रोकथाम के लिए एक अहम कदम बताया। यह आयोजन SRIP के सहायक प्रोफेसरों, मिस प्रितिभा साहू, मिस अंचल वर्मा और मिस दीपिका साहू द्वारा संयोजित किया गया था।

## धनसुली ग्राम पंचायत से पप्पू चेलक बने सरपंच जुलूस निकालकर जताया जनता का आभार



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर परिणाम बाबा जारी होना शुरू हो चुके हैं आपको बता दे की धनसुली से पप्पू चेलक ने सरपंच पद हेतु अपना नामांकन भरा था जिस पर ग्राम वासियों ने भरोसा जताते हुए उन्हें भरपूर आशीर्वाद दिया आपको बताते चलेगी पप्पू चेलक लगातार ग्राम वासियों की सेवा करते आए हैं और एक युवा चेहरा भी है चुनाव में उनका चुनावी चिन्ह गिलास था जिस पर ग्राम वासियों ने जमकर अपना मत दिया और उन्हें प्रचंड बहुमत देकर ग्राम वासियों की सेवा के लिए चुना ज्ञात होगी वह लगातार जन सेवा करते आए हैं मीडिया से चर्चा करते हो तो उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को सशक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी और स्वच्छ और सम वातावरण में गांव का विकास करना ही उनका प्रथम दायित्व रहेगा आगे उन्होंने कहा कि ग्राम वासियों का आशीर्वाद उन्हें मिला है उनके द्वारा किए गए हर वादों को उनके द्वारा पूर्ण किया जाएगा और जनता के अनुकूल कार्य किया जाएगा।

## पूर्व सरपंच को पराजित कर श्रीमती नीलिमा किरण वर्मा बनी नरदहा की सरपंच

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले की आरंग जनपद पंचायत की अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरदहा से पूर्व सरपंच डॉक्टर सविता नरेंद्र वर्मा को लगभग 200 वोटो के अंतर से पराजित कर ग्राम पंचायत नरदहा की सरपंच पद पर कब्जा किया श्रीमती नीलिमा किरण वर्मा एक शिक्षित मिलनसार मृदुभाषी महिला प्रत्याशी थी उन्होंने नरदहा ग्राम पंचायत की प्रत्येक घर जा जाकर समर्थन एवं सहयोग मांगा ग्राम वासियों ने भी उनके कुशल व्यवहार को देखते हुए अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दें सरपंच पद पर आसीन किया विजय जुलूस निकालकर श्रीमती नीलिमा किरण वर्मा ने सभी ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने ग्राम वासियों को भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत नरदहा का सर्वांगीण विकास किया जाएगा साथ ही ग्राम वासियों की किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे तत्पर रहेगी एवं ग्राम पंचायत का अधिक से अधिक विकास हो इसके लिए वह कृत संकल्पित रहेगी उन्होंने ग्राम वासियों पर विश्वास



जताते हुए अपील की कि ग्राम पंचायत नरदहा के विकास में आगे भी आप सभी पूरा सहयोग देंगे आप सभी को पुनः धन्यवाद।

## फातिमा फरीद कुरैशी ने विशाल विजय जुलूस निकाल ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर जिले के आरंग जनपद पंचायत की पचेरा ग्राम पंचायत से नवनिर्वाचित सरपंच फातिमा फरीद कुरैशी ने विशाल विजय जुलूस के साथ ग्राम पंचायत पचेड़ा के घर घर जाकर उनका शुक्रिया अदा किया इस जुलूस में ग्राम पंचायत के लगभग सभी विजई पंच भी मौजूद थे आतिशबाजी एवं पटाखों से पुरा ग्राम गूंजता रहा डीजे एवं ढोल नगाड़ों की धुन पर ग्राम वासी उत्साह से नृत्य करते नजर आए ग्राम वासियों ने घर से निकल कर फातिमा फरीद कुरैशी को तिलक चंदन लगाकर मालाएं पहनाई एवं श्रीफल देकर उनका अभिनंदन किया।

जुलूस में समर्थकों ने ग्राम पंचायत का सरपंच कैसा हो फातिमा फरीद जैसा हो के नारे लगाते रहे दैनिक विश्व परिवार का आभार व्यक्त करते हुए फातिमा फरीद कुरैशी ने कहा कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत के अधूरे पड़े कार्यों को पूरा किया जाएगा यह भी उन्होंने फिर से दोहराया कि ग्राम पंचायत पचेड़ा को एक आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी उन्होंने ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहां की समस्त ग्राम वासियों से निवेदन है कि जिस प्रकार सभी अपना अमूल्य मत देकर मुझे सरपंच पद पर आसीन किया है उसी प्रकार भविष्य में भी ग्राम पंचायत के विकास के लिए सभी ग्रामवासी मिलजुल कर सहयोग करेंगे ताकि ग्राम पंचायत पचेड़ा रायपुर जिले का एक आदर्श ग्राम पंचायत बन सके।

## पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैंकरा व भाजपा समर्थित डीडीसी प्रत्याशी 1363 वोट से विजयी हुए

### धर्मपत्नी सामरी विधायक उदेश्वरी पैंकरा व समर्थकों ने दी जीत की बधाई



**बलरामपुर/ शंकरगढ़ ( विश्व परिवार )।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12 शंकरगढ़ ब्लॉक से पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैंकरा व भाजपा समर्थित प्रत्याशी 1363 वोट से विजयी रहें। उन्होंने भूतपूर्व विधायक व कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी महेश्वर पैंकरा को हराकर जीत अपने नाम कर लिया। इस बार उन्होंने क्षेत्र क्रमांक 12 शंकरगढ़ ब्लॉक से डीडीसी चुनाव का भाग्य आजमाया था। जिसमें दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला था। दोनों राजनीति के धुरंधर अपने जीत का दावा कर रहें थे। बुधवार को रिजल्ट जारी हुआ। जिसमें सिद्धनाथ पैंकरा विजयी हुए। इस जीत के साथ उन्होंने नई राजनीति पारी की शुरुवात की।

चुनाव जीतने के बाद उनकी धर्मपत्नी सामरी विधायक उदेश्वरी पैंकरा व समर्थकों ने डीडीसी प्रत्यासी सिद्धनाथ पैंकरा को माला पहनाकर उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। इसके आलावा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी गीता पैंकरा भी विजयी रहीं हैं। जीत के बाद सामारी विधानसभा क्षेत्र में जश्न का माहौल है। समर्थकों ने मिठाई बांटकर फटाके फोड़कर जीत की खुशियां मनाई। इस दौरान राजेश अग्रवाल, तिला साय, विवेक जायसवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कश्यप,प्रभु भगत, सरपंच विदरंग पैंकरा समेत सभी निर्वाचित जनपद सदस्य व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज ससंघ की राजधानी रायपुर में भव्य मंगल आगवानी, सन्मति नगर फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर में पधारे

## बिना पुण्य के नियोग से शुभ संयोग की प्राप्ति नहीं होती : मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज














**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बिना पुण्य के संयोग के कभी शुभ संयोग की प्राप्ती नहीं होती आज हम सभी लोग बहुत पुण्यशाली है जो जिनेन्द्र भगवान की देशना का पान कर रहे है उपरोक्त उदगार आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि श्री सुयश सागर महाराज ने फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर में प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रात:कालीन बेला में मुनि श्री सुयश सागर जी एवं क्षुल्लक श्री श्रेय सागर जी महाराज सांकरा दिगंबर जैन मंदिर से विहार करते हुए सन्मति नगर फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे जहां उनकी भव्य मंगल अगवानी की गई, सभी साधर्मी बंधुओ ने मुनि श्री के पाद प्रक्षालन किये एवं मातृशक्ति ने गुरुदेव के आगमन पर मंगल गीत गाए एवं रंगोली आदि बनाकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बड़ा जैन मंदिर मालवीय रोड़,शंकर नगर,डी.डी.नगर, टैगोर नगर, कचना, अशोका रत्न जैन मंदिर के समस्त पदाधिकारियों ने मुनि संघ को श्री फल अर्पित करते हुये गुरुदेव को अपने अपने स्थानों पर पधारने का आमंत्रण दिया।

मुनि श्री ने अपने मंगल उद्बोधन में कहा कि धर्म के कार्य में तुरंत गति करना चाहिए ( धर्मस्य तुतार्ग गति) साधुओं का दर्शन उनका सानिध्य बड़े ही पुण्य संयोग से मिलता है उन्होंने कहा कि कल जब हम विहार कर रहे थे तो कुछ बेटियाँ बैठी थी तो उनकी मां ने कहा कि इनसे घबड़ाओ



मत ये तो धरती के भगवान है इनकी एक दृष्टि मात्र पड़ने से सारा जीवन बदल जाता है, मुनि श्री ने कहा कि जो दृश्य आप मोबाइल पर देख रहे हो वह दृश्य आपके अंतस में चला जाता है उन्होंने कहा कि आजकल बड़ी बड़ी कंपनियां आपसे करोड़ों निचोड़ लेती है तब आपको लाखों देती है। मुनि श्री ने कहा कि आज निर्ग्रन्थ तपोधन साधु जब किसी नगर से निकल जाते है तो वहां के लोग उस साधू को भूलते नहीं उन्होंने कहा कि यह रायपुर बालों का सौभाग्य है कि यहां पर निरंतर साधुओं के दर्शन और उनकी चर्या कराने का सौभाग्य प्राप्त होता रहता है। मुनि श्री ने कहा कि आप लोगों को तो इतना सब कुछ मिला है कि इस युग के सबसे श्रेष्ठ आचार्य भगवन विशुद्ध सागर महाराज जिनका आज मुम्बई महाराष्ट्र में मंगल प्रवेश है उनके चातुर्मास और तीन मुनिराजों की दीक्षा देखने का सौभाग्य मिल चुका है और आप लोगों का पुरुषार्थ जागा तो 2026 का चातुर्मास भी आपके इस महानगर को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि अभी तो हमारा यह क्षणिक प्रवास है हम श्री सम्मेद शिखर जी से इंदौर के लिये निकले है जहां पर 27 अप्रेल से 2 मई अक्षय तृतीया को आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज का पट्टाचार्य महामहोत्सव संपन्न होंने जा रहा है जहां अक्षय तृतीया के महोत्सव पर लगभग 550 से ऊपर पिच्छीधारी साधु साध्वी एकत्र होंगे इस कार्यक्रम में जब आप लोगों की इतनी उत्सुकता है तो विचार कीजिये मुझे कितनी उत्सुकता होगी वंहा पर पहुंचते पहुचते लगभग 1600 कि. मी. की यह यात्रा हो जाऐगी। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य श्री के पास रायपुर का कोई न कोई सदस्य उपस्थित रहता है, आपके तीव्र प्रवल पुण्य का योग है कि आपको हर वर्ष आस-पास चातुर्मास का अवसर अवश्य ही प्राप्त होता है।

आज फाल्गुन कृष्ण सप्तमी के दिन सप्तम तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव एवं अष्टम तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु स्वामी का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया प्रात: सर्वप्रथम भगवान का अभिषेक एवं मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई शांति धारा करने का सौभाग्य श्री रवि सेठी-श्री शशि सेठी परिवार को प्राप्त हुआ, मुनि श्री का पाद प्रक्षालन करने एवं प्रथम लाडू चढ़ाने का सौभाग्य सन्मति नगर फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री अरविंद बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ, मुनिश्री के कर कमलों में शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य श्री प्रदीप जैन पाटनी-प्रबोध जैन पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे श्री सन्मति नगर दिगंबर जैन मंदिर फाफाडीह पंचायत सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद जैन बड़जात्या, कोषाध्यक्ष पवन जैन रारा, महामंत्री सुरेश जैन पटनी ने सभी धर्मानुरागियों का स्वागत अभिनंदन किया एवं आयोजन का संचालन पंडित नितिन जैन शास्त्री द्वारा किया गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354